

इच्छा सफलता का शुरुआती बिन्दु है, यह हमेशा याद रखें, जिस तरह छोटी आग से कम गर्माहट मिलती है, उसी तरह कमजोर इच्छा से कमजोर परिणाम मिलते हैं। - नेपोलियन हिल

www.amritvichar.com

# अमृत विचार

बरेली महानगर

बरेली, गुरुवार, 30 अप्रैल 2026

## बरेली के प्रमुख समाचार


- सीबीगंज में खुले नाले में गिरकर युवक की मौत - II
- क्रय केंद्रों पर आवक सुस्त, घर जाकर की गेहूं खरीद - III
- 1 से 25 मई तक होंगी प्रयोगात्मक परीक्षाएं - IV


## सिटी ब्रीफ

### गोवंश के लिए एक मई से होगा भूसा संग्रहण

बरेली, अमृत विचार : निराश्रित गोवंश के बेहतर भरण-पोषण के लिए जिलाधिकारी अविनाश सिंह ने कलेक्ट्रेट सभागार में विशेष बैठक कर 1 मई से सघन भूसा संग्रहण अभियान चलाने के निर्देश दिए हैं। कहा कि वर्तमान में भूसे की दरें कम हैं, इसलिए भविष्य में आने वाली किल्लत और बारिश के दौरान बढ़ने वाली कीमतों से बचने के लिए अभी से भंडारण किया जाए। उन्होंने जनपद के सभी एसडीएम, बीडीओ और तहसीलदारों को भूसा संग्रहण का लक्ष्य सौंपते हुए मुख्य पशु चिकित्साधिकारी को रसीद बुक जारी करने के निर्देश दिए। साथ ही गोचर भूमि को तत्काल कब्जा मुक्त कराने की हिदायत दी गई है। बैठक में सीडीओ देवयानी, सीवीओ डा. मनमोहन पांडेय, सभी एसडीएम आदि मौजूद रहे।

### मजदूरी मांगने पर किया हमला

बरेली/नवाबगंज, अमृत विचार : ग्राम मोहम्मदपुर निवासी चेतराम ने पुलिस को दी तहरीर में बताया कि गांव का ही एक व्यक्ति उसे मजदूरी के लिए बाहर ले जाता था और उसके करीब 15 हजार रुपये बकाया थे। आरोप है कि 26 अप्रैल को गांव में रास्ते में मिलने पर जब उसने बकाया रुपये मांगे तो उक्त व्यक्ति ने देने से इंकार कर दिया। दोपहर में परिजनों के साथ लाठी-डंडों व धारदार हथियार लेकर उसके घर में घुस आया और हमला कर दिया। इस दौरान चेतराम, उसके भाई प्रेमपाल और मां रामवती के साथ मारपीट की गई। पुलिस ने रिपोर्ट दर्ज कर मामले की जांच शुरू कर दी है।

### नो पार्किंग में खड़े किए वाहन, कटा चालान

बरेली/रिठौरा, अमृत विचार : साप्ताहिक बाजार के आसपास पुलिस टीम ने वाहन चेकिंग अभियान चलाया। नो पार्किंग में खड़े वाहनों के चालान काटे गए। टीम में एसआई दिनेश कुमार सिंह, आकाश चौधरी आदि शामिल रहे। कुल 40 वाहन चालकों के खिलाफ कार्रवाई गई। एसआई आकाश चौधरी ने बताया कि यातायात नियमों का उल्लंघन करने वालों के खिलाफ कार्रवाई जारी रहेगी।

## शहर में आज

- लखनऊ पब्लिक स्कूल सेक्टर-3 रामगंगा नगर शाखा का उद्घाटन राज्यपाल आनन्दी बेन द्वारा शाम 3 :45 बजे
- रुहेलखंण्ड विश्वविद्यालय के एसबी सिंह सभागार में गुजरात दिवस पर कार्यक्रम में राज्यपाल आनन्दी बेन शामिल होंगी दोपहर 1 :40 बजे से 3 :45 बजे तक
- सैन्ट्रल यूपी चैम्बर ऑफ कॉमर्स एण्ड इन्डस्ट्री वैलफेयर एसोसिएशन की कार्यकारिणी समिति की बैठक रात 9 बजे
- श्री श्याम श्याम रसिक परिवार द्वारा श्रीमद् भागवत कथा श्री हरि मंदिर माडल टाउन में शाम 5 बजे से 9 बजे
- नागरिक सुरक्षा कोर अलखनाथ डिवीजन द्वारा श्रंखला का सप्तम सीपीआर प्रशिक्षण बिष्णु इण्टर कालेज नई बस्ती में सुबह 9 बजे

## बरसे काले बदरा...



बुधवार तड़के ही आसमान में काले बादल छा गए। कुछ देर तक बारिश भी हुई जिससे लोगों को गर्मी से राहत मिली। तेज हवाओं ने मौसम को सुहावना बना दिया। जिले का अधिकतम तापमान सामान्य से 5.9 गिरकर 33 डिग्री सेल्सियस रहा। वहीं, न्यूनतम तापमान 25.9 डिग्री सेल्सियस दर्ज किया गया। मौसम विभाग के वरिष्ठ वैज्ञानिक अतुल कुमार के अनुसार पश्चिमी विक्षोभ और नमी भरी हवाओं के असर से यह बदलाव देखने को मिला है। ● हरदीप सिंह टोनी

# मानक ताक पर : जमे सीमेंट से नाला निर्माण, फर्म पर 50 हजार जुर्माना

- पिंक सिटी कॉलोनी से महिला पॉलिटेक्निक तक निर्माण में लापरवाही हुई उजागर
- 10 अप्रैल को निरीक्षण में पकड़ी गई गड़बड़ी, फर्म को ब्लैकलिस्ट करने की चेतावनी

कार्यालय संवाददाता, बरेली

अमृत विचार : नगर निगम की ओर से शहर में कराए जा रहे निर्माण कार्यों में भ्रष्टाचार और लापरवाही के मामले थम नहीं रहे हैं। नया मामला वार्ड संख्या 37 का है, जहां रामपुर रोड स्थित पिंक सिटी कॉलोनी से महिला पॉलिटेक्निक कॉलेज तक बन रहे आरसीसी नाले के निर्माण में भारी अनियमितता पकड़ी गई है। पीजी कांट्रेक्टर की ओर से नाला निर्माण में पुराने और जमे हुए सीमेंट का प्रयोग किया जा रहा था। नगर निगम ने फर्म पर 50 हजार रुपये का जुर्माना डाला है।




सहायक अभियंता मुकेश शाक्य ने बताया कि 15 वें वित्त आयोग के तहत स्वीकृत इस नाले का कार्य 18 जुलाई तक पूरा होना था, लेकिन 10 अप्रैल को हुए औचक निरीक्षण में ठेकेदार की पोल खुल गई। अवर अभियंता की रिपोर्ट में स्पष्ट हुआ कि निर्माण सामग्री अधोमानक है और बार-बार नोटिस देने के बाद भी फर्म के रवैये में कोई सुधार नहीं हुआ। नगर निगम ने इसे अनुबंध की शर्तों का उल्लंघन मानते हुए दंडात्मक कार्रवाई की है। विभाग ने दो टूक कहा है कि यदि कार्य की गुणवत्ता में तत्काल सुधार नहीं हुआ तो फर्म को ब्लैकलिस्ट करने के साथ कानूनी कार्रवाई भी अमल में लाई जाएगी।

# अवैध खनन व ओवरलोडिंग...लापरवाही पर होगी कार्रवाई

## डीएम ने टास्क फोर्स की बैठक में परिवहन व खनन विभाग को दी चेतावनी

कार्यालय संवाददाता, बरेली



विकास भवन के सभागार में अफसरों के साथ बैठक करते डीएम अविनाश सिंह। ● अमृत विचार

- उत्तराखंड से आने वाले खनिजों की होगी कड़ी निगरानी

अमृत विचार : जिले में अवैध खनन पर पूरी तरह अंकुश लगाने के लिए डीएम अविनाश सिंह ने विकास भवन सभागार में आयोजित टास्क फोर्स बैठक में परिवहन व खनन विभाग के अधिकारियों से दो टूक कहा कि सड़कों पर दौड़ने वाले ओवरलोड वाहन न केवल नियमों की धज्जियां उड़ा रहे हैं, बल्कि राजस्व को भी भारी नुकसान पहुंचा रहे हैं। आरटीओ प्रवर्तन वैभव सोती को निर्देश दिए कि जिले में ओवरलोडिंग के खिलाफ जीरो टॉलरेंस की नीति अपनाई जाए और किसी भी दशा में ओवरलोड वाहन सड़कों पर नहीं दिखने चाहिए।

जिलाधिकारी ने विशेष रूप से उत्तराखंड से आने वाले उप खनिज लदे वाहनों पर पैनी नजर रखने को कहा है। उन्होंने निर्देश दिए कि सभी वाहनों की आईएसटीपी चेकिंग सुनिश्चित की जाए। व्यवस्था को चुस्त-दुरुस्त करने के लिए डीएम ने कर्मचारियों की जवाबदेही भी तय कर दी है। उन्होंने चेतावनी दी कि जो भी कर्मचारी या अधिकारी चेक प्वाइंट्स पर ड्यूटी के समय तैनात नहीं मिलेगा, उसका उस दिन का वेतन तत्काल काट दिया जाएगा। मिट्टी के अवैध खनन को रोकने के लिए तहसील स्तर पर भी घेराबंदी तेज की जाएगी। सभी एसडीएम को कमान सौंपते हुए निर्देश दिए हैं कि वे अपने क्षेत्रों में अवैध खनन के सिंडिकेट को ध्वस्त करें। बैठक में तय किया गया कि भविष्य में छापामारी बढ़ाई जाएगी और दोषी पाए जाने वाले वाहन स्वामियों के साथ-साथ संबंधित क्षेत्र के जिम्मेदार कर्मियों की जवाबदेही भी तय होगी। बैठक में खनन, परिवहन विभाग के अलावा सभी तहसीलों के एसडीएम समेत कई अन्य विभागों के अफसर मौजूद रहे।

### खनन रोकने में लापरवाही पर पांच अफसर और कर्मचारी फंसे, कारण बताओ नोटिस थमाया

बरेली, अमृत विचार : जनपद में अवैध खनन और ओवरलोडिंग को लेकर अधिकारियों और कर्मचारियों की बड़ी लापरवाही सामने आई है। जिलाधिकारी ने पिछले दिनों जिले में अवैध खनन और क्षमता से अधिक भार ढोने वाले वाहनों पर नकेल कसने के लिए विशेष टास्क फोर्स गठित कर सघन चेकिंग के निर्देश दिए थे। उच्चाधिकारियों की ओर से बहेड़ी टोल प्लाजा चेकिंग पॉइंट का निरीक्षण किया गया, तो पांच विभिन्न विभागों के अधिकारी और कर्मचारी गायब मिले। इसे गंभीरता से लेते हुए डीएम ने कारण बताओ नोटिस जारी किया है। जांच में गायब मिले अधिकारियों में परिवहन विभाग के भूतपूर्व सैनिक धर्मेंद्र सिंह व वसीम अकरम, प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड के गौरव गौतम, राज्य कर अधिकारी तारा चंद्र उपाध्याय और उप आबकारी निरीक्षक लखपत सिंह शामिल हैं। इन सभी की ड्यूटी अलग-अलग पालियों में खनन और ओवरलोडिंग रोकने के लिए लगाई गई थी, लेकिन निरीक्षण के दौरान कोई भी मौके पर मौजूद नहीं था। सभी सेर 3 दिन के भीतर जवाब मांगा है। नोटिस में स्पष्ट चेतावनी दी गई है कि यदि निर्धारित समय में संतोषजनक उत्तर प्राप्त नहीं हुआ, तो सेवा नियमावली के अनुसार दंडात्मक कार्रवाई की जाएगी।

### अवैध खनन में दो ट्रैक्टर-ट्रॉली और मशीन जब्त

बरेली, अमृत विचार : नवाबगंज में तहसील प्रशासन ने अवैध खनन के खिलाफ कार्रवाई की है। प्रभारी उप जिलाधिकारी निधि शुक्ला को मंगलवार रात ग्राम सतुईया कला में अवैध खनन की सूचना मिली थी। इसपर उन्होंने टीम के साथ छापेमारी की। टीम को देखकर खनन माफिया वाहन छोड़कर फरार हो गए। टीम ने मौके से अवैध खनन में लगी दो ट्रैक्टर-ट्रॉली और एक मशीन को जब्त कर नवाबगंज थाने की सुपुर्दगी में दे दिया है। एसडीएम ने बताया कि फरार आरोपियों की पहचान की जा रही है। उनके विरुद्ध सख्त कार्रवाई की जाएगी।

## बरेली सिटी यार्ड में निर्माण कार्य, कई ट्रेनें आंशिक रूप से रद

बरेली, अमृत विचार : पूर्वोत्तर रेलवे के इज्जतनगर मंडल में बरेली सिटी यार्ड स्थित समपार 248 स्पेशल (श्मशान भूमि) पर एलएचएस (लोअर सब-वे) निर्माण काम के चलते रेल संचालन में अस्थायी बदलाव किया गया है। रेलवे प्रशासन ने इस महीने व 12 मई के बीच कई सवारी और डेमू ट्रेनों को शॉर्ट टर्मिनेट और शॉर्ट ओरिजिनेट करने का निर्णय लिया है।

निर्माण कार्य के कारण कासगंज-बरेली सिटी, पीलीभीत-बरेली सिटी, टनकपुर-बरेली सिटी समेत कई ट्रेनें अपने निर्धारित गंतव्य तक नहीं जाएंगी। कुछ ट्रेनें बरेली जंक्शन या इज्जतनगर में ही अपनी यात्रा समाप्त करेंगी। इस दौरान इज्जतनगर-बरेली सिटी और बरेली जंक्शन-बरेली सिटी खंड पर संबंधित तिथियों में ट्रेनों का संचालन पूरी तरह निरस्त रहेगा। वरिष्ठ मंडल वाणिज्य प्रबंधक संजीव शर्मा ने बताया कि निर्माण कार्य पूरा होने के बाद संचालन सामान्य कर दिया जाएगा।

# 50 नई कूड़ा गाड़ियां 'क्लीन बरेली' की चलाएंगी मुहिम

- मेडिकल वेस्ट के लिए गाड़ियों में विशेष बॉक्स, गीले-सूखे कचरे के लिए अलग चैंबर

कार्यालय संवाददाता, बरेली

अमृत विचार: शहर की सफाई व्यवस्था को नई धार देने के लिए नगर निगम ने कमर कस ली है। अगले माह लगभग 3.24 करोड़ रुपये से खरीदी गईं 50 नई कूड़ा गाड़ियां बरेली पहुंच जाएंगी। बुधवार को सैंपल के तौर पर पहुंची पहली गाड़ी का नगर आयुक्त संजीव मौर्य ने निरीक्षण किया।

एक गाड़ी की कीमत 6.48 लाख रुपये है। इन गाड़ियों में पर्यावरण और स्वास्थ्य सुरक्षा का विशेष ध्यान रखा गया है। प्रत्येक गाड़ी में गीले और सूखे कूड़े को अलग-अलग रखने के लिए दो चैंबर बनाए गए हैं। इसके अतिरिक्त, मेडिकल वेस्ट के लिए एक अलग बॉक्स भी लगाया गया है। नगर आयुक्त का कहना है कि नगर निगम के बेड़े



में शामिल कई गाड़ियां जर्जर हो चुकी हैं, जिनसे अक्सर कूड़ा गिरता रहता है। एक्सईएन राजीव राठी के अनुसार, इन नई गाड़ियों को उन क्षेत्रों में तैनात किया जाएगा जहां सफाई व्यवस्था को अधिक सुदृढ़ बनाने की आवश्यकता है। दावा किया कि ये गाड़ियां बरेली की सूरत को साफ-सुथरा और आधुनिक बनाने में मदद करेंगी।

## दुष्कर्म के दोषी को 10, मददगारों को तीन साल की सजा

बरेली, विधि संवाददाता : स्पेशल जज एससी/एसटी एक्ट कोर्ट अभय श्रीवास्तव ने दुष्कर्म और अपहरण के दो अलग-अलग मामलों में दोषियों को सख्त सजा सुनाई है।

मीरगंज थाना क्षेत्र के ओमकार को युवती से दुष्कर्म का दोषी पाते हुए 10 वर्ष के कारावास और 30 हजार रुपये जुर्माने की सजा दी गई। वहीं, अपहरण में सहयोग करने वाले रामप्रसाद और दूसरे मामले में ओमकार के पिता बद्रीलाल, भाई चन्द्रपाल व मां विमला देवी को तीन-तीन वर्ष की कठोर कैद और जुर्माने की सजा सुनाई गई। सरकारी वकील स्वतंत्र पाठक ने बताया कि यह मामले वर्ष 2011 और 2012 के हैं, जिनमें पुलिस की विवेचना के बाद आरोपियों पर अपहरण, दुष्कर्म और एससी/एसटी एक्ट के तहत आरोप पत्र दाखिल किया गया था।


# कटौती से लोग बेहाल, रिपोर्ट में 24 घंटे बिजली

- रिपोर्ट के आधार पर शहर को प्रदेश में 66वां स्थान मिला

कार्यालय संवाददाता, बरेली

अमृत विचार : शहर में बिजली की अंधाधुंध कटौती से उपभोक्ता बेहाल हैं वहीं विभागीय अधिकारी शासन को भी गुमराह करने में लगे हैं। विभाग की तरफ से सीएम डैशबोर्ड को भेजी गई रिपोर्ट में 99.45 प्रतिशत सप्लाई और प्रतिदिन 23 घंटे 45 मिनट बिजली उपलब्ध कराने का दावा किया गया है। इसी आधार पर शहर को प्रदेश में 66वां स्थान मिला है। यहां कई इलाकों में 5 से 12 घंटे तक कटौती हो रही है।

बुधवार को महेशपुरा, बाकरगंज, किला, सिविल लाइंस, कुतुबखाना और हरुनगला सहित कई क्षेत्रों से लगातार बिजली संबंधी शिकायतें सामने आईं। कहीं ट्रांसफार्मर फुंकने की समस्या रही तो कहीं खंभों के बॉक्स जलने और तार टूटने की घटनाएं हुईं। लो वोल्टेज और बार-बार ट्रिपिंग ने लोगों की परेशानी और बढ़ा



दी। तकनीकी खामियों के चलते पूरे दिन मरम्मत कार्य चलता रहा, बावजूद इसके आपूर्ति पूरी तरह बहाल नहीं हो सकी। भीषण गर्मी के बीच बिजली कटौती ने आम जनजीवन को बुरी तरह प्रभावित किया है। लंबे समय तक बिजली न रहने से लोगों को पेयजल, कूलिंग और अन्य जरूरी सुविधाओं के लिए जूझना पड़ा। स्थानीय लोगों में बिजली निगम के खिलाफ आक्रोश बढ़ता जा रहा है और शासन को भेजी जा रही रिपोर्टों की पारदर्शिता पर भी सवाल खड़े हो रहे हैं।

## हरुनगला में 11 घंटे सप्लाई बाधित

- ट्रांसफार्मर फुंका तो कहीं केबल जल गई
- कई इलाकों में लो वोल्टेज और ट्रिपिंग ने किया परेशान

कार्यालय संवाददाता, बरेली

अमृत विचार : हरुनगला क्षेत्र में बुधवार को बिजली व्यवस्था चरमरा गई। करीब 11 घंटे तक बिजली आंख-मिचौली का खेल खेलती रही। हजारों उपभोक्ता परेशान रहे। ट्रांसफार्मर फुंकने तो कहीं केबल टूटने व जलने के कारण आपूर्ति बाधित हुई।

ओवरलोडिंग इस संकट की मुख्य वजह रही। कई इलाकों में पोल से सप्लाई बाधित रही। महेशपुरा, बाकरगंज, किला, सिविल लाइंस, कुतुबखाना और हरुनगला जैसे क्षेत्रों से लगातार शिकायतें दर्ज हुईं। लो वोल्टेज और ट्रिपिंग की समस्या ने भी लोगों को परेशान किया। तकनीकी खामियों के चलते पूरे दिन मरम्मत कार्य चलता रहा, लेकिन स्थिति पूरी तरह सामान्य नहीं हो सकी। परेशान उपभोक्ता लगातार अधिकारियों को फोन लगाते रहे, लेकिन अधिकांश कॉल का जवाब नहीं मिला। कई उपभोक्ताओं ने बताया कि शिकायत दर्ज कराने के बावजूद समय पर समाधान नहीं हुआ। शाम तक दर्जनों शिकायतें अलग-अलग सब-स्टेशनों से जुड़ी सामने आईं। स्थानीय लोगों ने चेतावनी दी है कि यदि बिजली व्यवस्था में सुधार नहीं हुआ तो वे आंदोलन करने को मजबूर होंगे।

# वीडियो देख करें सीएम युवा उद्यमी योजना के आवेदन

- जिले में करीब डेढ़ लाख युवाओं को रोजगार से जोड़ने का लक्ष्य
- सही तरीके से फार्म भरने से बैंक में निरस्त नहीं होगा आवेदन

कार्यालय संवाददाता, बरेली

अमृत विचार : मुख्यमंत्री युवा उद्यमी योजना के तहत पात्र लाभार्थियों को बिना गारंटी पांच लाख रुपये तक का ऋण उपलब्ध कराने के लिए शासन ने महत्वपूर्ण बदलाव किए हैं।

नई व्यवस्था के अनुसार अब उद्योग विभाग की वेबसाइट पर ऑनलाइन आवेदन करने के बाद आवेदकों को 30 मिनट का अनिवार्य वीडियो देखना होगा। इस वीडियो में योजना से जुड़ी सभी आवश्यक जानकारी और दस्तावेजों की सूची दी जाएगी। शासन का उद्देश्य है कि आवेदक पहले से पूरी जानकारी प्राप्त कर लें और बैंक में अधूरी या त्रुटिपूर्ण फाइल न पहुंचे। आवेदकों को वीडियो में बताई गई जानकारी के अनुसार ही सभी दस्तावेज अपलोड करने होंगे। इससे बैंक को पूर्ण और सही आवेदन मिलेगा, जिससे आवेदन निरस्त होने की संभावना समाप्त हो जाएगी।

अब तक बैंकों की मनमानी के कारण बड़ी संख्या में आवेदन खारिज हो जाते थे। जिले में लगभग डेढ़ लाख युवाओं को रोजगार से जोड़ने का लक्ष्य निर्धारित किया गया है। योजना के जरिए युवाओं को स्वरोजगार के लिए प्रोत्साहित किया जा रहा है।

मुश्किल | आढ़तों से ठेलों व फड़ों तक पहुंचकर कीमतों में हो जाता है इजाफा, कोई नियम नहीं

# मंडी से बाहर आते ही फल-सब्जियों के दाम दोगुने

कार्यालय संवाददाता, बरेली

अमृत विचार : शहर में सब्जियों और फलों की कीमतों को लेकर बड़ा विरोधाभास सामने आ रहा है। मंडी के अंदर सब्जियां, फल अपेक्षाकृत सस्ते मिलती हैं, वहीं मंडी की बाउंड्री वाल पार करते ही उनके दाम लगभग दोगुने हो जाते हैं। खास बात यह है कि विक्रेता कालोनी देख कर दाम तय करते हैं।

मंडी में सब्जियां जब आढ़तियों से निकलकर फुटकर विक्रेताओं तक पहुंचती हैं, तो उनके दाम में भारी बढ़ोतरी हो जाती है। जो सब्जी और मंडी में 20-25 रुपये किलो मिल रही है, वही बाहर ठेलों और फड़ पर 50-60 रुपये किलो तक बेची जा रही है। फडवालों के



- कालोनियां देख विक्रेता तय करते हैं फलों व सब्जियों के दाम

अपने तर्क हैं वहीं आमजन का कहना है कि कीमतों में यह अंतर बहुत ज्यादा है। आढ़ती सलीम खां बताते हैं कि मंडी से बाहर जाते ही सब्जियों के दामों में दोगुना से तीन गुना तक उछाल आ जाता है। इतना ही नहीं कालोनियां देख कर भी विक्रेता दाम तय करते हैं। बरेली फ्रूट एशोसियन के कोषाध्यक्ष सुभान खान कहते हैं कि सब्जियों वाला ही हाल फलों का भी है।

| फल का रेट | मंडी रेट | बाहर |
|---|---|---|
| सेब | 80-90 | 150 |
| अंगुर | 80-90 | 160 |
| केला | 30-35 | 60 |
| खरबूज | 20-20 | 50 |
| पपीता | 30 | 70 |
| आम | 50-80 | 110 |

| सब्जी का रेट | मंडी रेट | बाहर |
|---|---|---|
| बैगन | 15 | 50 |
| शिमला मिर्च | 10 | 45 |
| हरी मिर्च | 15 | 60 |
| लौकी | 10 | 25 |
| तोरई | 20 | 35 |
| भींडी | 20 | 50 |

# सड़क सुरक्षा में लापरवाही नहीं होगी बर्दाश्त : डीएम

कार्यालय संवाददाता, बरेली

अमृत विचार : बढ़ती सड़क दुर्घटनाओं को लेकर जिला प्रशासन अलर्ट मोड में आ गया है। जिलाधिकारी अविनाश सिंह ने सड़क सुरक्षा को लेकर अधिकारियों को स्पष्ट निर्देश दिए कि लापरवाही अब बर्दाश्त नहीं होगी।

बुधवार को कलेक्ट्रेट सभागार में जिलाधिकारी अविनाश सिंह की अध्यक्षता में जिला सड़क सुरक्षा समिति की बैठक में सड़क सुरक्षा से जुड़े विभिन्न बिंदुओं पर कई महत्वपूर्ण फैसले लिए गए। डीएम ने शाहजहांपुर से झुमका तिराहा मार्ग पर तेज वाहनों को नियंत्रित करने के लिए विशेष उपाय करने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि इस मार्ग पर साइनेज बोर्ड और रम्बल स्ट्रिप लगाई जाएं, ताकि दुर्घटनाओं की संभावना को कम किया जा सके। बैठक में धनेटा फाटक के पास टोल बचाने के लिए वाहन चालकों द्वारा वैकल्पिक मार्ग अपनाने का मुद्दा भी उठा। उन्होंने सख्त रुख अपनाते हुए निर्देश दिए कि ऐसे मार्गों पर कड़ी निगरानी रखी जाए और भारी वाहनों के आवागमन पर प्रतिबंध लगाया जाए। साथ ही जलकल विभाग की पाइपलाइन से हो रहे रिसाव के कारण सड़कों पर बने गड्ढों को लेकर भी नाराजगी जताई। संबंधित विभाग को तत्काल मरम्मत के निर्देश दिए गए, ताकि सड़क सुरक्षित और सुगम बन सकें। इस मौके पर अपर जिलाधिकारी सौरभ दुबे, एसपी ट्रैफिक मोहम्मद अकमल खान, लोक निर्माण विभाग के अधिशासी अभियंता सहित अन्य संबंधित विभाग के अधिकारी मौजूद रहे।

## सिटी ब्रीफ

### ऑटो में छूटा बैग पुलिस ने कराया वापस



बरेली, अमृत विचार : जिला बदायूं के थाना अलापुर के गांव दारानगर निवासी कल्पना शंखधार का बुधवार को सेटेलाइट बस अड्डे के पास ऑटो में बैग छूट गया। महिला ने सेटेलाइट चौकी पर इसकी सूचना दी। बैग में महिला के जेवर थे। पुलिस ने ऑटो को तलाश कर महिला को बैग वापस कराया। सेटेलाइट चौकी प्रभारी मयंक भारद्वाज ने बताया कि बैग मिलने पर महिला काफी खुश नजर आई।

### शादी से पहले युवती पड़ोसी के साथ फरार

बरेली, अमृत विचार : शादी से तीन दिन पहले एक युवती पड़ोसी युवक के साथ चली गई। एसएसपी के आदेश पर बारादरी पुलिस ने पड़ोसी युवक,उसके परिजन और दोस्तों के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज की है। बारादरी थाना क्षेत्र के एक मोहल्ले की रहने वाली महिला ने बताया कि उसकी बेटी का विवाह 29 अप्रैल को होना था। इसके लिए सोने-चांदी के जेवर समेत अन्य सामान व 5 लाख रुपये नगद रखे थे। 26 अप्रैल को वह अपने बेटे के साथ एक शादी समारोह में गई थी। 27 अप्रैल को छोटी बेटी ने फोन करके बताया कि दीदी घर पर नहीं है।जेवर और नगदी भी गायब है। शक के आधार पर पड़ोस में रहने वाले अमन के घर पर गए तो ताला लगा था। महिला ने गली में लगे सीसीटीवी कैमरे चेक करवाए तो पता लगा कि अमन ही बेटी को ले गया है। एसएसपी के आदेश पर बारादरी पुलिस ने रिपोर्ट दर्ज करके मामले की जांच शुरु कर दी है।

### बेटी का मेहनताना मांगने पर पीटा, रिपोर्ट

बरेली, अमृत विचार : थाना सुभाषनगर के पैर मोहल्ला निवासी विमला पत्नी अनिल ने पुलिस को दी तहरीर में बताया कि उसकी बेटी करगैना में ममता के घर में झाड़ू-पोछा का काम करती थी। तबीयत खराब होने पर वह इलाज के लिए दिल्ली चली गई। उसने मां विमला से अपने रुपये लाने को कहा। तीन दिन पहले जब विमला ममता से रुपये मांगने गईं। आरोप है कि बेटी का मेहनताना मांगने पर महिला ने उसके साथ मारपीट की। पीड़िता ने एसएसपी से शिकायत कर कार्रवाई की मांग की। पुलिस ने एसएसपी के आदेश पर आरोपी महिला के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज कर ली है।

## गैस की किल्लत के बीच पकड़ी गई पीएनजी चोरी

बरेली, अमृत विचार: शहर में गैस सिलेंडर की किल्लत के बीच लोगों ने पीएनजी की चोरी शुरू कर दी। गैस पाइपलाइन में कट लगाकर दो उपभोक्ता चोरी करने लगे। टीम ने निरीक्षण में चोरी पकड़ी, उसके बाद दोनों उपभोक्ताओं के खिलाफ इज्जतनगर थाने में रिपोर्ट दर्ज कराई गई है।

सेंट्रल यूपी गैस लिमिटेड (सीयूजीएल) के सीनियर मैनेजर जीतेन्द्र गौतम ने बताया कि कंपनी के कान्ट्रैक्ट कर्मचारी मुकेश और पेट्रोलर हर्षित ने उन्हें 11 अप्रैल को सूचना दी कि पीरबहोड़ा क्षेत्र में सफरुद्दीन और मुस्ताब खान के मकान पर पीएनजी गैस कनेक्शन है। दोनों लोगों ने गैस पाइपलाइन को मीटर से पहले काट लिया और पानी वाले पाइप को जोड़कर गैस चोरी की जा रही थी। टीम ने जब उसका वीडियो बनाया तो वहां मौजूद लोगों ने विरोध किया। सीनियर मैनेजर की तहरीर पर इज्जतनगर पुलिस ने सफरुद्दीन और मुस्ताब खान के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज की है।

## कुत्तों ने दौड़ाया, बाइक से गिरकर रिटायर्ड शिक्षिका की मौत

कार्यालय संवाददाता, बरेली

- वीर सावरकरनगर में सुबह दामाद के घर जा रहीं थीं मंजू सक्सेना
- सिर में गंभीर चोट लगने से तोड़ा दम, परिवार में मचा कोहराम

अमृत विचार : आवारा कुत्तों ने एक और जान ले ली। बुधवार तड़के कर्मचारी नगर क्षेत्र में कुत्तों के झुंड से बचने की कोशिश में बाइक से गिरकर 65 वर्षीय सेवानिवृत्त शिक्षिका की मौत हो गई। घटना के बाद आक्रोशित लोगों ने नगर निगम पर कुत्तों को पकड़ने में घोर लापरवाही का आरोप लगाकर हंगामा किया।



मंजू सक्सेना। (फाइल फोटो)

वीर सावरकर फेस-2 निवासी महेश चंद्र की पत्नी मंजू सक्सेना (65), हाल ही में बेसिक शिक्षा विभाग से सेवानिवृत्त हुई थीं। बुधवार सुबह वह अपने बेटे शानू के साथ बाइक से कर्मचारी नगर स्थित केसर वाटिका में अपने दामाद शुभम सक्सेना के घर जा रही थीं। वहां से उन्हें दिल्ली के लिए रवाना होना था। बाइक ऑफिसर्स एन्क्लेव विस्तार कॉलोनी में राहुल प्रोविजन स्टोर के पास पहुंची, तभी कुत्तों का एक झुंड बाइक के पीछे दौड़ पड़ा। घबराकर मंजू सक्सेना का संतुलन बिगड़ गया और वह सड़क पर सिर के बल गिर पड़ीं। उनके सिर में गंभीर चोट आई। अत्यधिक रक्तस्राव के चलते उन्होंने मौके पर ही दम तोड़ दिया।

हालांकि परिजन उन्हें नजदीकी अस्पताल लेकर पहुंचे, जहां डॉक्टरों ने मृत घोषित कर दिया। घटना के बाद परिवार में कोहराम मच गया। मृतका की समधिन शशि रायजादा ने बताया कि मंजू सक्सेना को इलाज के लिए दिल्ली जाना था। नगर आयुक्त संजीव कुमार मौर्य का कहना है किजांच कराएंगे।

### एबीसी सेंटर का संचालन नहीं होने से बढ़ी दिक्कत

शहर में अब तक न तो कुत्तों को काबू करने के लिए कोई पुख्ता इंतजाम नहीं किए गए । पता ही नहीं चल पा रहा है कि कितने कुत्तों की नसबंदी हो गई और कितने रह गए। नगर निगम ने परसाखेड़ा के नदौसी में 1.81 करोड़ की लागत से एबीसी सेंटर बनाया है। यहां 200 कुत्तों को रखने के लिए इंतजाम हैं। इस भवन का लोकार्पण हुए एक साल से ज्यादा हो चुका है। फर्म का चयन हो चुका है, उसे ब्लैक लिस्ट करने की चेतावनी कई बार जारी की जा चुकी है, लेकिन, यहां कुत्ते अब तक नहीं रखे गए।

## सीबीगंज में खुले नाले में गिरकर युवक की मौत

### दो दिन बाद ग्रामीणों ने देखा शव, पुलिस ने निकलवाकर पोस्टमार्टम कराया

कार्यालय संवाददाता, सीबीगंज

अमृत विचार : सीबीगंज क्षेत्र के नदोसी गांव में एक युवक की खुले नाले में गिरकर मौत हो गई। हैरानी की बात यह रही कि आबादी और मेडिकल स्टोर से घिरे इलाके में घटना होने के बावजूद किसी को इसकी भनक तक नहीं लगी। पुलिस ने घटना के दो दिन बाद बुधवार सुबह शव को नाले से बरामद किया।

सीबीगंज के पचागोटिया गांव निवासी मेघनाथ (30) पुत्र तिलकराज लोधी सोमवार दोपहर से घर से लापता थे। देर शाम तक घर नहीं लौटने पर परिजनों ने तलाश की, लेकिन कोई सुराग नहीं मिला। इसके बाद परिजनों ने परसाखेड़ा चौकी पुलिस में सूचना देकर अनहोनी की आशंका जताई थी। बुधवार सुबह ग्रामीणों ने नदोसी गांव में नहर की पुलिया के पास खुले नाले में शव पड़ा होने की सूचना दी। परसाखेड़ा चौकी पुलिस और फील्ड यूनिट मौके पर पहुंची और नाले से शव को निकाला। नाले में गंदा पानी और कूड़ा-करकट भरा होने के कारण शव दिखाई नहीं दे रहा था। शव की शिनाख्त मेघनाथ के रूप में होने के बाद परिजनों में कोहराम मच गया। पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम के बाद परिजनों को सौंप दिया।



इसी नाले में मिला युवक का शव। ● अमृत विचार

- नदोसी गांव में नहर की पुलिया के पास खुले नाले में गिर गया था
- शराब पीने का आदी था युवक नशे में गिरने की आशंका

इंस्पेक्टर सीबीगंज प्रदीप कुमार चतुर्वेदी ने बताया कि ग्रामीणों के मुताबिक, मेघनाथ शराब पीने का आदी था। कुछ लोगों ने उसे सोमवार दोपहर गांव के पास शराब पीते देखा था। अनुमान लगाया जा रहा है कि वह पास की शराब की दुकान से शराब लेकर पुलिया के पास बैठा होगा और नशे की हालत में नाले में गिर गया होगा, जिससे उसकी मौत हो गई। बहरहाल फील्ड यूनिट ने मौके से साक्ष्य जुटाए हैं। जांच की जा रही है।

### सेटेलाइट पर भी नाले में गिरकर हो चुकी मौत

बरेली, अमृत विचार : 24 मार्च को सेटेलाइट बस स्टेशन के पास खुले नाले में गिरकर हरदोई के युवक तौहीद की मौत हो गई थी। जांच कमेटी ने अपनी रिपोर्ट में दो जूनियर इंजीनियरों (जेई), एक सफाई नायक, एक सुपरवाइजर और ठेकेदार को मुख्य रूप से दोषी माना। अपर नगर आयुक्त शशि भूषण सिंह और पर्यावरण अभियंता की जांच रिपोर्ट में कहा कि जिस स्थान पर नाले का कार्य चल रहा था, वहां सुरक्षा के न्यूनतम मानकों का भी पालन नहीं किया गया था। न तो कोई बैरिकेडिंग की गई थी और न ही रात में राहगीरों को आगाह करने के लिए कोई चेतावनी बोर्ड या लाइट का इंतजाम था। इसी अनदेखी की कीमत तौहीद को अपनी जान देकर चुकानी पड़ी थी और उसका शव 30 घंटे की मशक्कत के बाद गहरे नाले से निकाला जा सका था। वहीं, अब सीबीगंज के नदौसी गांव में नाले में गिरकर युवक की जान चली गई। हालांकि इस मामले में अभी परिजनों की ओर से शिकायत नहीं की गई है।

## ट्रेन में खराब खाने व अधिक दाम वसूलने पर किया हंगामा

बरेली, अमृत विचार : जम्मू-कानपुर सुपरफास्ट ट्रेन 12470 में यात्रियों ने बरेली जंक्शन पर खराब खाने और अधिक दाम वसूलने को लेकर जमकर हंगामा किया। जीआरपी और आरपीएफ ने यात्रियों को समझाकर शांत कराया।

यात्रियों को परोसे गए खाने से बदबू आ रही थी, जिससे वे आक्रोशित हो गए। उन्होंने आरोप लगाया कि 80 रुपये का खाना उन्हें 130 रुपये में दिया जा रहा था, जो निर्धारित मूल्य से काफी अधिक था। खाने की गुणवत्ता बेहद खराब थी। हंगामे के चलते काफी देर तक ट्रेन में अफरा-तफरी का माहौल रहा। स्थिति को नियंत्रित करने के लिए आरपीएफ को हस्तक्षेप करना पड़ा। आरपीएफ ने जांच कराने का आश्वासन दिया तो यात्री शांत हुए। यात्रियों ने बताया कि उन्हें दिया गया भोजन खाने लायक नहीं था। उसमें से दुर्गंध आ रही थी। रेलवे ने भी मामले में जांच का भरोसा दिया है।

## दंपती पर किया हमला

फतेहगंज पश्चिमी, अमृत विचार : ग्राम नौगवा घाटमपुर निवासी पीड़िता लक्ष्मी देवी पति महिपाल सिंह के साथ खेत से भूसा लेकर घर लौट रही थीं। उनके घर के सामने एक मोटरसाइकिल खड़ी थी, जिसे हटाने के लिए कहने पर विवाद शुरू हो गया। गांव के प्रेम सिंह, उसके पुत्र रवि व दिपांशु, पत्नी राजेश्वरी और पुत्री शिवानी गाली-गलौज करने लगे। विरोध करने पर आरोपियों ने दंपति पर हमला कर दिया। पुलिस ने मामले में रिपोर्ट दर्ज कर ली है।

## सऊदी अरब में हादसे में मौत बीमा क्लेम के 56 लाख हड़पे

कार्यालय संवाददाता, बरेली

- एसएसपी के आदेश पर सीबीगंज थाने में 12 लोगों पर मुकदमा दर्ज

अमृत विचार: सऊदी अरब में हादसे में युवक की मौत के बाद उसकी बुआ के लड़कों ने क्लेम के 56.25 लाख रुपये हड़प लिए। मृतक के पिता ने बहन, बहनोई और भांजों समेत कुल 12 लोगों के खिलाफ सीबीगंज थाने में रिपोर्ट दर्ज कराई है। आरोप है कि रिश्तेदारों ने धोखे से पावर ऑफ अटॉर्नी लेकर यह रकम अपने खातों में ट्रांसफर कर ली। पुलिस जांच कर रही है।

सीबीगंज थाना क्षेत्र के खना गौटिया निवासी आबिद रजा खां का बेटा माजिद सऊदी अरब में ड्राइवर था। 2 फरवरी 2021 को वहीं सड़क हादसे में उसकी मौत हो गई। आबिद ने बताया कि इज्जतनगर के शिकारपुर चौधरी निवासी उनका भांजा अतीक अहमद पुत्र इरफान और उसके परिवार के लोग पिछले 25 साल से सऊदी में काम कर रहे हैं। अतीक ने कहा कि माजिद की मौत कारों की टक्कर से हुई है इसलिए क्लेम दोगुना मिलेगा। पावर ऑफ अटार्नी उसके नाम हो जाए जिससे मामू को परेशानी का सामना नहीं करना पड़ेगा। भांजा होने के चलते पावर आफ अटार्नी अतीक के नाम पर कर दी। बेटे के मालिक ने भांजे को पासपोर्ट, वेतन और रुपये दे दिए। लेकिन अतीक ने पैसे उन्हें नहीं दिए। आबिद ने बताया कि मामला अदालत में पहुंचने पर क्लेम के एक लाख रियाल मिले। इसके बाद क्लेम के 1.25 लाख रियाल और मिले। अतीक ने रुपये मिलने से ही इन्कार कर दिया। सऊदी में अन्य लोगों से संपर्क करने पर पता चला कि अतीक को क्लेम के कुल 2.25 लाख रियाल मिले हैं। एसएसपी के आदेश पर सीबीगंज पुलिस ने अतीक अहमद, इरफान अहमद समेत 12 लोगों पर रिपोर्ट दर्ज कर जांच शुरू कर दी।

### ठगी करने वाली बहनों के खिलाफ पहुंचीं दो और शिकायतें

बरेली, अमृत विचार : खुद को आईएएस अधिकारी बताकर ठगी करने वाली बहनों के खिलाफ बारादरी थाने में दो और शिकायतें पहुंची हैं। पुलिस ने मंगलवार को तीनों आरोपियों को गिरफ्तार कर फर्जीवाड़े का खुलासा किया था। पुलिस ने आरोपियों के पास से 4.5 लाख रुपये, लग्जरी गाड़ी, चार मोबाइल फोन और चेकबुक बरामद की थी। जोगी नवादा निवासी विनोद कुमार ने पुलिस को दी तहरीर में बताया कि विप्रा पाठक ने खुद को आईएएस अधिकारी बताकर उसे सरकारी विभाग में ड्राइवर की नौकरी दिलाने का झांसा दिया। आरोप है कि विप्रा और उसकी बहन दीक्षा ने उससे 7 लाख रुपये ठग लिए। वहीं, सनराइस कॉलोनी निवासी अमित राय ने आरोप लगाया कि विप्रा पाठक और उसके पिता वीरेंद्र शर्मा ने ब्लॉक कार्यालय में चतुर्थ श्रेणी कर्मचारी की नौकरी दिलाने के नाम पर उससे 2.80 लाख रुपये ऐंठ लिए। अमित के अनुसार, उसने 20 हजार रुपये ऑनलाइन और 2.60 लाख रुपये नकद दिए थे। बरादारी इंस्पेक्टर विजेंद्र सिंह के अनुसार दोनों शिकायतों के आधार पर रिपोर्ट दर्ज कर की जाएगी।

## हेल्थ इंश्योरेंस कंपनी को क्लेम और हर्जाना का आदेश

- जिला उपभोक्ता फोरम ने बीमा कंपनी की हीलाहवाली पर लगाया भारी जुर्माना

विधि संवाददाता, बरेली, अमृत विचार: जिला उपभोक्ता विवाद प्रतितोष आयोग द्वितीय ने बीमा क्लेम रोकने पर स्टार हेल्थ एंड एलाइड इंश्योरेंस कंपनी के खिलाफ सख्त आदेश जारी किया है। आयोग के अध्यक्ष दीपक कुमार त्रिपाठी और सदस्य दिनेश कुमार गुप्ता की पीठ ने कंपनी को आदेश दिया कि उपभोक्ता को इलाज में खर्च हुई 2 लाख 62 हजार 683 रुपये की राशि 45 दिनों के भीतर अदा करे। इसके साथ ही,30 हजार रुपये की क्षतिपूर्ति और 10 हजार रुपये मुकदमा खर्च भी देने का आदेश सुनाया गया है।

केसी नगर निवासी विमल कुमार ने अपने परिवार के लिए 10 लाख रुपये का ''फैमिली हेल्थ ऑप्टिमा इंश्योरेंस प्लान'' लिया था। बीमा अवधि के दौरान उन्हें डेंगू और उसके बाद दवाओं के प्रभाव से अग्न्याशय (पेनक्रियाज) के इलाज के लिए बरेली और दिल्ली के अस्पतालों में भर्ती होना पड़ा। इलाज पर कुल 3 लाख 89 हजार 885 रुपये खर्च हुए, लेकिन बीमा कंपनी ने क्लेम निस्तारण में हीलाहवाली करते हुए भुगतान से इनकार कर दिया। उपभोक्ता ने अधिवक्ता संजय कुमार वर्मा के माध्यम से आयोग की शरण ली। पीठ ने साक्ष्यों के आधार पर कंपनी को दोषी मानते हुए यह जुर्माना और क्लेम राशि अदा करने का निर्देश दिया।

## खाद्यान्न की कालाबाजारी, कोटेदार के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज

कार्यालय संवाददाता, बरेली

अमृत विचार: जिले में गरीबों के निवाले पर डाका डालने वाले कोटेदारों के खिलाफ प्रशासन ने अभियान छेड़ दिया है। जिला पूर्ति अधिकारी मनीष कुमार सिंह ने संजय नगर क्षेत्र के कोटेदार के खिलाफ बारादरी थाने में आवश्यक वस्तु अधिनियम की धारा 3/7 के तहत मुकदमा पंजीकृत कराया है। कोटेदार पर सरकारी खाद्यान्न की कालाबाजारी करने और स्टॉक में बड़े पैमाने पर हेराफेरी करने का गंभीर आरोप है।



कोटेदार की दुकान में मिली गेहूं की बोरियां। ● अमृत विचार

- जिला पूर्ति अधिकारी ने बारादरी थाने में दर्ज कराई एफआईआर
- निरीक्षण में पकड़ी गई हेराफेरी,गोदाम में कम मिला खाद्यान्न

संजय नगर के अशोक बिहार कालोनी के रूप सिंह ने डीएम से कोटेदार की शिकायत की थी। इसके बाद पूर्ति निरीक्षक अलीम खान ने टीम के साथ मंगलवार को संजय नगर स्थित कोटेदार रतिराम जयंत की दुकान का निरीक्षण किया। स्टॉक और रजिस्टर का मिलान किया गया, तो बड़ी गड़बड़ी सामने आई। गोदाम में रिकॉर्ड के अनुसार 43 बोरी गेहूं होना चाहिए था, लेकिन मौके पर मात्र 24 बोरी मिला। इसी तरह चावल के स्टॉक में भी कमी पाई गई। कुल मिलाकर 19 बोरी गेहूं और एक बोरी चावल दुकान से गायब मिला, जिसका कोटेदार कोई संतोषजनक जवाब नहीं दे सका। जांच टीम ने अपनी रिपोर्ट में स्पष्ट किया कि राशन की यह कमी सीधे तौर पर खाद्यान्न की कालाबाजारी की ओर इशारा करती है। जिला पूर्ति अधिकारी मनीष कुमार सिंह ने बताया कि बुधवार को जिलाधिकारी से अनुमति मिलते ही आरोपी कोटेदार के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज कराई गई। इस कार्रवाई से अन्य कोटेदारों में हड़कंप मचा हुआ है।

## कानूनगो 10 हजार रिश्वत लेते गिरफ्तार

कार्यालय संवाददाता, बरेली

- एंटी करप्शन की टीम ने फतेहगंज पूर्वी रेलवे क्रासिंग के पास पकड़ा

अमृत विचार: एंटी करप्शन की टीम ने चकबंदी कानूनगो को 10 हजार रुपये की रिश्वत लेते रंगे हाथ गिरफ्तार किया है। आरोपी के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज कराई गई है।

फतेहगंज पूर्वी के गांव खजुरिया निवासी राजीव ने एंटी करप्शन से शिकायत की थी कि जमीन की पैमाइश के लिए तहसील फरीदपुर का चकबंदी कानूनगो कमल सुधीर शुक्ला 10 हजार रुपये मांग रहा है। विभाग ने शिकायत का संज्ञान लेकर ट्रैप टीम का गठन कर डीएम से अनुमति लेकर कानूनगो को पकड़ने की योजना बनाई। बुधवार को ट्रैप टीम प्रभारी निरीक्षक जितेन्द्र सिंह टीम के अन्य सदस्यों के साथ पहुंचे। फतेहगंज पूर्वी रेलवे क्रासिंग के पास शाम 5: 22 बजे राजीव ने कानूनगो को 10 हजार रुपये दिए। कानूनगो ने रुपये लिए वैसे ही टीम ने उसे दबोच लिया।



कमल सुधीर शुक्ला। ● अमृत विचार

आरोपी को बरेली कार्यालय लाकर पूछताछ की। उसके बाद कोतवाली में भ्रष्टाचार निवारण अधिनियम के तहत रिपोर्ट दर्ज कराई है।

**BAREILLY INTERNATIONAL UNIVERSITY**

Rohilkhand Medical College Campus, Pilibhit Bypass Road,
Bareilly-243006 (UP) India, Phone : 0581-2526051, 053, 153
Email : registrar@biu.edu.in, Website : www.biu.edu.in
For any query contact : 9520876189, 9105500202, 9105500404

**Applications are invited for Admission to Ph.D. Programmes July 2026 session in the following disciplines**

- Faculty of Medical Sciences
  (All Clinical and Non-Clinical Specialities)
- Faculty of Pharmacy
- Faculty of Dental Sciences
  (All Specialities)
- Faculty of Management

**Application Fee**

- For Indian Candidate Rs. 2000/-
- NRI/Foreign National Candidate Rs. 5000/- or $60 USD

**Last Date of Receiving Application : 30th May, 2026**

Application Submission Address : To, The Registrar, Administrative Block, Bareilly International University, Bareilly-243006 (U.P.) India
For more details and application form & application fee,
visit univerisity website : www.biu.edu.in
(https://biu.edu.in/reseach/Latest-Application-form-for-PHD-programme.pdf)

## सुरंग बनाकर गोदाम में घुसे चोर 28 लाख की कॉपर स्क्रैप चोरी

कार्यालय संवाददाता, बरेली

अमृत विचार: सीबीगंज क्षेत्र में सुरंग बनाकर गोदाम में घुसे चोर 28 लाख रुपये का स्क्रैप चोरी कर फरार हो गए। घटना सीसीटीवी में कैद हो गई। पुलिस ने मौके पर पहुंचकर जांच कर गोदाम मालिक की तहरीर पर मुकदमा दर्ज कर चोरों की तलाश शुरू कर दी है।

कोतवाली क्षेत्र के सिविल लाइंस में भटनागर कॉलोनी निवासी शिवानी जैन ने बताया कि वह पदमावती एसोसिएट की मालिक है। उनकी फर्म विभिन्न विभागों द्वारा अप्रयोग की गई सामग्री को नीलामी में खरीदती है। इस सामान को रखने के लिए फर्म ने सीबीगंज क्षेत्र के महेशपुरा में 1500 गज में एक गोदाम बनाया है। 28 अप्रैल को उनके पति पंकज जैन गोदाम का निरीक्षण करने गए थे।

उन्होंने देखा कि पिछली दीवार के पास गड्डा खोदकर सुरंग बनाकर अंदर घुसे चोर कॉपर स्क्रैप चोरी कर ले गए। पंकज जैन के अनुसार चोर 28 लाख रुपये का करीब 2 टन स्क्रैप ले गए। उनकी सूचना पर पुलिस ने गोदाम में जाकर जांच की।



चोरों ने बनाई सुरंग।। ● अमृत विचार

- सीबीगंज में फिल्मी स्टाइल में चोरी, घटना सीसीटीवी में कैद
- पुलिस ने रिपोर्ट दर्ज कर शुरू की चोरों की तलाश

### चार माह पहले भी हुई थी चोरी

गोदाम में चार माह पहले भी चोर लाखों रुपये का सामान चोरी करके ले गए थे। संजय जैन ने बताया के गोदाम में 10 जनवरी को भी चोरी हुई थी। चोर 10 से 12 लख रुपए का कॉपर और पीतल का स्क्रैप चोरी कर ले गए थे। पुलिस को सीसीटीवी फुटेज देकर मुकदमा दर्ज कराया मगर पुलिस ने मामले में गंभीरता नहीं दिखाई जिसके चलते चोरों ने दोबारा इतनी बड़ी वारदात को अंजाम दिया।

### बंद घर में लाखों की चोरी

महानगर कॉलोनी निवासी ओमप्रकाश राय ने बताया कि 31 जनवरी को वह बेंगलुरू में अपनी बेटी के पास पत्नी के साथ गया था। 16 अप्रैल को वापस लौटा तो देखा कि घर के किचन में लगे एग्जास्ट फैन के रास्ते से घुसे चोर चांदी के सिक्के, चांदी के बर्तन, जेवर, मोबाइल चोरी कर ले गए। इज्जतनगर पुलिस ने रिपोर्ट दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

### चोरियों का नहीं हो सका खुलासा

सीबीगंज क्षेत्र में लगातार चोरी से लोगों में दहशत का माहौल है। 6 माह में थाना क्षेत्र में हुई दर्जन भर से अधिक चोरी व छिनौती की घटनाओं को पुलिस अभी तक नही खोल सकी है। कुछ घटनाओं में चोरों की तस्वीरें सीसीटीवी में कैद हो गईं फिर भी पुलिस कोई कार्रवाई नहीं कर सकी।

## हाईकोर्ट के आदेश पर खोली गई इंग्लिश स्कूल की सील

कार्यालय संवाददाता बरेली

- मंगलवार को मुंबई के बिशप से तहसील टीम ने वसूला 11 लाख का चेक
- 17 कर्मचारियों के 73 लाख रुपये बकाया, अब तक 31 लाख से अधिक की वसूली

अमृत विचार: क्लेरा स्वेन मिशन अस्पताल के 17 कर्मचारियों के बकाया 73.70 लाख रुपये की वसूली के मामले में प्रशासन को बड़ी सफलता मिली है। मंगलवार को मुंबई के बिशप के बरेली आगमन पर तहसील टीम ने उनसे 11.25 लाख रुपये का चेक वसूला। हाईकोर्ट के आदेश के अनुपालन में प्रशासन ने 12 सितंबर से सील किए गए इंग्लिश स्कूल की सीलिंग हटा दी।

विद्या एजूकेशनल वेलफेयर सोसायटी की याचिका पर सुनवाई करते हुए कोर्ट ने सील खोलने का आदेश दिया था, जिसके बाद तहसीलदार सदर भानु प्रताप सिंह ने मौके पर पहुंचकर कार्रवाई कराई। तहसीलदार ने बताया कि नए चेक के बाद अब तक कुल 31.25 लाख रुपये की वसूली की जा चुकी है। इससे पहले सचिव और ट्रेजरार की ओर से करीब 20 लाख रुपये जमा कराए गए थे। अब इन रुपयों से उन 17 श्रमिकों का बकाया भुगतान कराने की तैयारी है, जिनके वेतन और देयकों के लिए एडीएम एफआर ने 17 आरसी जारी की थीं। कहा कि वसूली के लिए मुंबई के बिशप को पहले ही पत्र जारी किया गया था, जिसके बाद कल बरेली पहुंचते ही उन पर बकाया राशि जमा करने का भारी दबाव बनाया गया। प्रशासन ने साफ किया है स्कूल की सीलिंग हटने के बावजूद शेष 42 लाख की रिकवरी के लिए अभियान जारी रहेगा। याचिकाकर्ता विद्या बेंजामिन ने दावा किया था कि जिस जमीन पर स्कूल है, वह राजस्व अभिलेखों में उनके पूर्वजों और अमेरिकन न्यू वेस्ट मिशन के नाम दर्ज है, जिसका बकायादार फर्म से कोई लेना-देना नहीं है। इसी दलील को हाईकोर्ट ने स्वीकार किया। तहसीलदार सदर ने बताया कि बकाया वसूली की कार्रवाई निरंतर जारी रहेगी।

## सिटी ब्रीफ

### शेरगढ़ सीएचसी पर लगाया हेल्थ कैंप



**बरेली, अमृत विचार** : रोहिलखंड मेडिकल कॉलेज एंड हॉस्पिटल की ओर से बुधवार को शेरगढ़ सीएचसी पर निशुल्क कैंप लगाया गया, जिसमें शुगर, बीपी व दांतों की जांच की गई। कैंप में 151 मरीज देखे गए, जिसमें 110 लोगों की आंखों की जांच हुई। मोतियाबिंद के कई मरीज मिले। कुछ लोगों को नजर कमजोर थी। कैंप में ऐसे मरीजों को दवा और चश्मे दिए गए। 41 मरीजों की दांतों से संबंधित बीमारी का इलाज किया गया। मरीजों की जांच करने के बाद दवा भी मुफ्त दी गई।

### तमंचे के साथ पकड़ा गया हिस्ट्रीशीटर

**बहेड़ी, अमृत विचार** :पुलिस ने अवैध तमंचे के साथ एक शख्स को गिरफ्तार किया है। गिरफ्तार व्यक्ति पहले से हिस्ट्रीशीटर है। पुलिस ने आर्म्स एक्ट के तहत मुकदमा कायम कर लिया है। जानकारी के मुताबिक पुलिस को गुरसौली में किसी संदिग्ध व्यक्ति होने की सूचना प्राप्त हुई, जिस पर पुलिस ने बिना मौक़ा गंवाए उस जगह की घेराबंदी कर ली, और उसे दबोच लिया। तलाशी में उसके पास से 12 बोर का अवैध तमंचा मिला। पुलिस को उसने अपना नाम अलीम पुत्र लईक निवासी शैखुपुर बताया। पुलिस के मुताबिक पकड़ा गया बदमाश पहले से हिस्ट्रीशीटर है।

# ऑनलाइन हाजिरी के विरोध में संविदा एजुकेटर्स ने सौंपा ज्ञापन

**बरेली, अमृत विचार:** संविदा एजुकेटर्स का एक प्रतिनिधिमंडल बुधवार को विकास भवन में सीडीओ देवयानी से मिला। अनिवार्य ऑनलाइन उपस्थिति व्यवस्था पर सवाल उठाते हुए कहा कि यह व्यवस्था केवल उन्हीं के लिए अनिवार्य की गई है, जो समानता के अधिकार का उल्लंघन है।

शिक्षकों ने बताया कि ग्रामीण क्षेत्रों में खराब इंटरनेट कनेक्टिविटी और जिले की बदहाल यातायात व्यवस्था के कारण समय पर ऑनलाइन हाजिरी लगाना व्यावहारिक रूप से असंभव है। इसके अतिरिक्त, उन्होंने इस नई व्यवस्था से मानसिक तनाव बढ़ने, स्वास्थ्य बिगड़ने और जाम के कारण जल्दबाजी में गाड़ी चलाने से दुर्घटनाओं का जोखिम बढ़ने की बात भी कही।

एजुकेटर्स ने स्पष्ट किया कि यदि इस व्यवस्था के कारण किसी शिक्षक को शारीरिक या मानसिक क्षति होती है, तो इसकी पूर्ण जिम्मेदारी विभाग की होगी। अनीता गंगवार, ममता, खुशबू, सुनीता देवी, भगवान देई, नीतू आदि मौजूद रही।

# मजदूर दिवस पर उठाए जाएंगे श्रमिक अधिकारों के मुद्दे

- महंगाई और बेरोजगारी पर होगी चर्चा, आंबेडकर पार्क में आयोजन

**कार्यालय संवाददाता, बरेली**

**अमृत विचार:** बरेली में मजदूर दिवस को लेकर ट्रेड यूनियनों और सामाजिक संगठनों ने तैयारियां पूरी कर ली हैं। 1 मई को आंबेडकर पार्क में कार्यक्रम आयोजित किया जाएगा। जहां श्रमिकों के अधिकार, बढ़ती महंगाई, बेरोजगारी और नए लेबर कोड्स जैसे मुद्दों पर चर्चा की जाएगी। आयोजकों का कहना है कि इस बार कार्यक्रम में श्रमिकों की वर्तमान स्थिति और भविष्य की चुनौतियों पर विशेष फोकस रहेगा।




बरेली ट्रेड यूनियंस फेडरेशन के महामंत्री संजीव मेहरोत्रा ने कहा कि इस बार मजदूर दिवस का आयोजन सिर्फ परंपरा निभाने तक सीमित नहीं रहेगा, बल्कि श्रमिकों के अधिकारों की लड़ाई को मजबूत करने और नीतिगत बदलावों की मांग को लेकर एक सशक्त मंच बनने की तैयारी है।



फेडरेशन के अध्यक्ष मुकेश सक्सेना ने बताया कि पिछले 25 वर्षों से लगातार 1 मई को कार्यक्रम का आयोजन किया जा रहा है। इस बार भी बड़ी संख्या में श्रमिक आंबेडकर पार्क में एकत्र होंगे और बढ़ती महंगाई, बेरोजगारी और बढ़ाए जा रहे काम के घंटों जैसे मुद्दों के विरोध में अपनी आवाज बुलंद करेंगे।



उप महामंत्री ललित चौधरी ने कहा कि 1886 में शिकागो के मजदूरों द्वारा 8 घंटे काम, 8 घंटे आराम और 8 घंटे मनोरंजन के नारे ने पूरी दुनिया के श्रमिक आंदोलन को नई दिशा दी थी। अब श्रमिकों के अधिकारों में कटौती हो रही है और कार्य परिस्थितियां बिगड़ रही हैं, तब मई दिवस और भी प्रासंगिक हो जाता है।



पीयूसीएल बरेली के अध्यक्ष यशपाल सिंह ने कहा कि मजदूर दिवस आत्ममंथन का अवसर है। कानून होने के बावजूद श्रमिकों को न्यूनतम मजदूरी और सुरक्षा जैसे बुनियादी अधिकारों से वंचित रहना पड़ता है। अधिवक्ताओं की जिम्मेदारी है कि वे कानूनी जागरुकता के माध्यम से श्रमिकों को सशक्त बनाएं।



कर्मचारी कल्याण सेवा समिति के अध्यक्ष जितेन्द्र मिश्रा ने स्थायी रोजगार गारंटी, ठेका प्रथा समाप्त करने और अस्थायी कर्मचारियों के नियमितीकरण की मांग उठाई। कहा कि पूरे देश में एक समान और जीवनयापन योग्य न्यूनतम वेतन तय किया जाना चाहिए, ताकि श्रमिकों का जीवन बेहतर हो सके।

## मजदूर दिवस...



ईंटों के मलबे में पसीना बहाते श्रमिक के लिए 1 मई का क्या मतलब। इनके लिए कोई छुट्टी, कोई आराम नहीं, सिर्फ मेहनत और जिम्मेदारी। पीलीभीत बाईपास रोड पर तपती दोपहरी में ईंटों के गट्ठे तोड़ता यह बुजुर्ग मजदूर हमें बहुत कुछ सिखाता है। यह सिर्फ मजदूरी नहीं, बल्कि संघर्ष, धैर्य और जीवन के प्रति अटूट समर्पण की कहानी है।

- फोटो एवं विवरण – मोहित कुमार सिंह।

# उद्यमियों ने औद्योगिक क्षेत्र में नाला समेत कई समस्याएं उठाई

- डीएम ने उद्योग बंधु की बैठक में अधिकारियों को दिए निर्देश



उद्योगबंधु की बैठक में उद्यमी व अधिकारी। • अमृत विचार

**बरेली, अमृत विचार** : कलेक्ट्रेट सभागार में बुधवार को जिला उद्योग बंधु समिति की बैठक हुई, जिसमें उद्यमियों ने समस्याओं को जोरदार तरीके से रखा। डीएम अविनाश सिंह ने संबंधित विभागों के अधिकारियों को समस्याओं के शीघ्र समाधान के निर्देश दिए।

उद्यमी अजय शुक्ला ने भोजीपुरा क्षेत्र में नाले की समस्या उठाई। बताया कि नैनीताल से आने वाले वाहन गलत दिशा में चलते हैं, जिससे लगातार जाम की स्थिति बनी रहती है। जिलाधिकारी ने एसपी ट्रैफिक को निर्देश दिया कि समस्या का फौरन समाधान सुनिश्चित किया जाए। एडीएम सिटी सौरभ दुबे, एसपी (ट्रैफिक) मोहम्मद अकमल खान, उपायुक्त उद्योग विकास यादव, पूर्व अध्यक्ष व कमेटी चेयरमैन अभिनव अग्रवाल, विमल रेवाड़ी सहित दो दर्जन से अधिक उद्यमी उपस्थित रहे।

# क्रय केंद्रों पर आवक सुस्त घर जाकर की गेहूं खरीद

## डिप्टी आरएमओ ने मंडी समिति में क्रय केंद्रों का किया निरीक्षण

**कार्यालय संवाददाता, बरेली**



किसान के घर से गेहूं खरीद कराते डिप्टी आरएमओ कमलेश पांडेय। • अमृत विचार

- गांव दौली रघुवर दयालपुर में पहुंचकर घर से कराई खरीद

**अमृत विचार :** जिले में गेहूं खरीद की रफ्तार सुस्त है। क्रय केंद्रों पर कम संख्या में किसान पहुंच रहे हैं। बुधवार को डिप्टी आरएमओ कमलेश पांडेय ने डेलापीर मंडी स्थित क्रय केंद्रों का निरीक्षण कर व्यवस्थाओं का जायजा लिया। इसके बाद वह सदर तहसील के गांव दौली रघुवर दयालपुर पहुंचे, जहां उन्होंने किसान हरपाल के घर पर मोबाइल क्रय केंद्र के माध्यम से मौके पर ही गेहूं की खरीद कराई। इस पहल का उद्देश्य किसानों को केंद्र तक आने की असुविधा से बचाना था।

उन्होंने किसानों को समझाया कि वे बिचौलियों के जाल में न फंसें और सीधे सरकारी केंद्रों पर अपनी उपज बेचकर न्यूनतम समर्थन मूल्य का पूरा लाभ उठाएं। आंकड़ों के अनुसार जिले में इस बार 64 हजार मीट्रिक टन गेहूं खरीद का लक्ष्य है, जिसके सापेक्ष अब तक सिर्फ 17,189 हजार मीट्रिक टन खरीदारी हो सकी है। सरकारी समर्थन मूल्य 2585 रुपये प्रति क्विंटल है, जबकि बाजार में गेहूं किसानों से 2650 रुपये प्रति क्विंटल तक खरीदा जा रहा है। अधिकारियों के अनुसार बाजार भाव अधिक होने के कारण ही किसान सरकारी केंद्रों से दूरी बना रहे हैं, जो लक्ष्य प्राप्ति में एक बड़ी चुनौती बना हुआ है।

# महिलाओं को रजिस्ट्री पर मिली 28.52 करोड़ की छूट

**कार्यालय संवाददाता, बरेली**

- दिव्यांगों और सैनिकों को भी मिला योजनाओं का बड़ा लाभ

**अमृत विचार:** बरेली में स्टाम्प एवं रजिस्ट्रेशन विभाग की ओर से दी जा रही छूट का महिलाओं को बड़ा लाभ मिला। महिलाओं के नाम 28,280 रजिस्ट्री हुईं, उन्हें स्टाम्प शुल्क में 28.52 करोड़ की छूट दी गई।

175 दिव्यांग व्यक्तियों को 0.81 करोड़ रुपये की छूट मिली। 145 शहीदों के आश्रितों और पूर्व सैनिकों को भी संपत्ति खरीद में 1.39 करोड़ रुपये का लाभ दिया गया। इसके अलावा, 7,084 दान पत्रों (ब्लड रिलेशन) पर स्टाम्प शुल्क में 83.91 करोड़ रुपये की छूट दी। 993 पट्टा विलेखों पर 0.94 करोड़ और आठ नई औद्योगिक इकाइयों की स्थापना पर 0.55 करोड़ रुपये की स्टाम्प ड्यूटी माफ की गई है। इस प्रकार कुल 35,684 रजिस्ट्रियां हुईं, जिन पर कुल 116.12 करोड़ की स्टाम्प शुल्क में छूट प्रदान की गई।

> एक अप्रैल 2025 से 31 मार्च 2026 के बीच कुल 35,684 विलेखों पर छूट प्रदान की गई। इसमें सबसे बड़ी हिस्सेदारी महिलाओं की रही है। योजनाओं ने महिलाओं और समाज के कमजोर वर्गों के सामाजिक स्तर को ऊंचा उठाने में भी महत्वपूर्ण भूमिका निभाई है।
>
> –**तेज सिंह यादव**, सहायक महानिरीक्षक निबंधन, बरेली



# बंद गली पर कब्जा करने का आरोप डीएम से शिकायत

**बरेली, अमृत विचार :** आशुतोष सिटी कॉलोनी निवासी शिक्षिका डॉ. कमलेश मिश्रा ने पड़ोसी पर बंद गली पर कब्जा करने का आरोप लगाया है। डीएम ने एसडीएम सदर को जांच कर कार्रवाई के निर्देश दिए हैं।

शिक्षिका ने जनसुनवाई के दौरान बताया कि पड़ोसी ने गली को तोड़कर उस पर लिंटर डाल दिया और बाथरूम बनाकर होटल में तब्दील करने की तैयारी है। उन्होंने वीडियो बनाकर अधिकारियों को जानकारी दी थी। इस पर निर्माण को सील कर दिया गया, लेकिन अतिक्रमण हटाने या आरोपियों के खिलाफ प्रभावी कार्रवाई नहीं की गई। गली पर कब्जा और होटल से उनकी सुरक्षा खतरे में है।

# मानक के अनुरूप नहीं बनी सड़क तोड़ी

**कार्यालय संवाददाता, बरेली**



- प्राचार्य ने ठेकेदार को फटकारा सड़क दोबारा बनाने को कहा

**अमृत विचार:** बरेली कॉलेज में आधुनिक प्रवेश सेल के बाहर बनी सड़क मानकों पर खरी नहीं उतरने के कारण बुधवार को जेसीबी मशीन से उखाड़ दिया गया। सड़क का ढाल प्रवेश सेल की ओर किए जाने के कारण प्राचार्य प्रो. ओपी राय ने ठेकेदार को फटकार लगाई।

सड़क का ढाल सही नहीं होने के कारण बरसात के मौसम में पानी प्रवेश सेल में भरने की आशंका जताई जा रही थी। इससे बरेली कॉलेज के 16, 17 हजार छात्रों के प्रवेश संबंधी कागजात खराब होने की स्थिति बनी रहती। प्राचार्य ने कहा कि ठेकेदार को बताया गया था कि सड़क को प्रवेश सेल के फर्श से नीचा बनाया जाए लेकिन ठेकेदार ने लापरवाही करते हुए सड़क को ऊंचा बना दिया। ठेकेदार को उसी लागत में सड़क निर्माण दोबारा कराने के लिए कहा गया।


# BAREILLY INTERNATIONAL UNIVERSITY

## Accreditations, Affiliations & Approvals

ज्ञान-विज्ञान विमुक्तये University Granta Commission of India · Medical Council of India · Dental Council of India · Pharmacy Council of India · Indian Nursing Council · Uttar Pradesh Nursing & Midwives Council · Association of Indian Universities · Where there is rural well being there is University Prosperity · Uttar Pradesh State Medical Faculty

## ADMISSION OPEN FOR FOLLOWING COURSES SESSION 2026-27
## CUET(UG/PG)-2026 Score Accepted

### ROHILKHAND MEDICAL COLLEGE & HOSPITAL

| | COURSE | Eligibility | Duration |
|---|---|---|---|
| 01 | Diploma- Medical lab Technician (DMLT) | 10+2 (PCB/PCM) | 2 Year |
| 02 | Diploma X-Ray Technician | 10+2 (PCB/PCM) | 2 Year |
| 03 | Diploma Radiology Technology | 10+2 (PCB/PCM) | 2 Year |
| 04 | M.Sc. Medical Anatomy | MBBS, BDS, BAMS B.Sc. Nursing, B.Sc. Optom, B.Pharma, BPT, B.Sc. MLT, B.sc(Bio sc.) | 3 Year |
| 05 | M.Sc. Medical Biochemistry | | 3 Year |
| 06 | M.Sc. Medical Microbiology | | 3 Year |
| 07 | M.Sc. in Medical Pharmacology | | 3 Year |
| 08 | M.Sc. in Medical Physiology | | 3 Year |

### INSTITUTE OF DENTAL SCIENCES

| | COURSE | Eligibility | Duration |
|---|---|---|---|
| 09 | Diploma in Dental Hygenist | 10+2 (PCB) | 2 Year |
| 10 | Diploma in Dental Mechanics | 10+2 (PCB) | 2 Year |

### BIU COLLEGE OF PHARMACY/ROHILKHAND COLLEGE OF PHARMACY/ KESHLATA COLLEGE OF PHARMACY

| | COURSE | Eligibility | Duration |
|---|---|---|---|
| 11 | D.Pharm/Diploma in Pharmacy | 10+2(PCB/PCM) | 2 Year |
| 12 | B.Pharm/Bachelor of Pharmacy | 10+2(PCB/PCM) | 4 Year |
| 13 | M.Pharm (Pharmaceutical Chem) | B.Pharm | 2 Year |
| 14 | M.Pharm (Pharmaceutics) | B.Pharm | 2 Year |
| 15 | M.Pharm (Pharmacology) | B.Pharm | 2 Year |
| 16 | M.Pharm (Pharmacognosy) | B.Pharm | 2 Year |

### FACULTY OF ALLIED & HEALTHCARE SCIENCES (PARAMEDICAL)

| | COURSE | Eligibility | Duration |
|---|---|---|---|
| 17 | Certification in Sanitation | 10+2(PCB/PCM) | 1 Year |
| 18 | Diploma in Medical Lab Technician (DMLT) | 10+2(PCB/PCM) | 4 Year |
| 19 | Diploma in X-Ray Technician | 10+2(PCB/PCM) | 2 Year |
| 20 | Diploma in Dialysis Technician | 10+2(PCB/PCM) | 2 Year |
| 21 | Diploma in Emergency & Trauma Care | 10+2(PCB/PCM) | 2 Year |
| 22 | Diploma in MRI Technician | 10+2(PCB/PCM) | 2 Year |
| 23 | Diploma in Radiotherapy Technology | 10+2(PCB/PCM) | 2 Year |
| 24 | Bachelor of Physiotherapy (BPT) | 10+2(PCB | 5 Year |
| 25 | Bachelor Operation Theater Technician (BOTT) | 10+2(PCB/PCM)) | 4 Year |
| 26 | Bachelor of Medical Radiology & Imaging Technology (BMRIT) | 10+2(PCB) | 4 Year |
| 27 | B.Sc. in Medical Laboratory Technician (BMLT/BMLS) | 10+2(PCB) | 4 Year |
| 28 | B.Sc. in Optometry (B. Optom) | 10+2(PCB/PCM) | 5 Year |
| 29 | M.Sc. in Clinical Embryology | UG (Relevant Discipline) | 2 Year |
| 30 | Master of Physiotherapy (MPT) | UG (Relevant Discipline) | 2 Year |
| 31 | Master in Medical Laboratory Sciences (MMLS) | UG (Relevant Discipline) | 2 Year |

### ROHILKHAND SCHOOL OF NURING/ROHILKHAND COLLEGE OF NURSING

| | COURSE | Eligibility | Duration |
|---|---|---|---|
| 32 | B.Sc. Nursing | 10+2 (PCB) | 4 Year |
| 33 | Post Basic B.Sc. Nursing | GNM | 2 Year |
| 34 | Nurse Practitioner in Critical Care (NPCC) (Post Graduate Residency Progam) | B.Sc. Nursing/Post Basic B.Sc. Nursing* | 2 Year |
| 35 | M.Sc. Nursing in Medical Surgical Nursing | B.Sc. Nursing/ Post Basic B.Sc. Nursing* | 2 Year |
| 36 | M.Sc. Nursing in Obsteric & Gynaecological Nursing | | 2 Year |
| 37 | M.Sc. Nursing in Child Health Nursing | | 2 Year |
| 38 | M.Sc. Nursing in Mental Health Nursing | | 2 Year |
| 39 | M.Sc. Nursing in Community Health Nursing | | 2 Year |
| 40 | GNM | 10+2 with English | 3 Year |
| 41 | ANM | 10+2 | 2 Year |

### BIU COLLEGE OF MANGEMENT/HUMANITIES & JOURNALISM

| | | | |
|---|---|---|---|
| 42 | BBA | 10+2 in any Stream | 3 Year |
| 43 | BBA (H) Finance & Taxation | 10+2 in any Stream | 4 Year |
| 44 | BBA (H) Business Intelligence & Data Analytics | 10+2 in any Stream | 4 Year |
| 45 | B. Com (Honors) | 10+2 in any Stream | 4 Year |
| 46 | BCA | 10+2 in any Stream | 3 Year |
| 47 | BCA (H) Information Technology & Multimedia | 10+2 in any Stream | 4 Year |
| 48 | BCA (H) Artificial Intelligence & Data Science | 10+2 in any Stream | 4 Year |
| 49 | BCA (H) Artificial Intelligence & Machine Lear. | 10+2 in any Stream | 4 Year |
| 50 | BA (Journalism/Mass Communication) | 10+2 in any Stream | 4 Year |
| 51 | BJMC (H) Bachelor of Journalism & Mass Communication | 10+2 in any Stream | 4 Year |
| 52 | BMM (H) Bachelor of Mass Media | 10+2 in any Stream | 4 Year |
| 53 | MJMC Master of Journalism & Mass Comm. | UG Any Stream | 2 Year |
| 54 | MHA (Master in Hospital Administration) | UG Any Stream | 2 Year |
| 55 | MPH (Master in Public Health) | UG Any Stream | 2 Year |
| 56 | MBA | UG Any Stream | 2 Year |
| 57 | MCA | UG Any Stream | 3 Year |
| 58 | M. Com | UG Any Stream | 2 Year |
| 59 | MA (Political Science) | UG Any Stream | 2 Year |
| 60 | MA (Journalism) | UG Any Stream | 2 Year |
| 61 | MA (Mass Communication) | UG Any Stream | 2 Year |
| 62 | MA (English) | UG Any Stream | 2 Year |
| 63 | MA (Psychology) | UG Any Stream | 2 Year |
| 64 | MA (Sociology) | UG Any Stream | 2 Year |

### FACULTY OF FORENSIC SCIENCES

| | | | |
|---|---|---|---|
| 65 | B.Sc. Forensic Sciences | 10+2 (PCM/PCB) | 3 Year |
| 66 | M.Sc Forensic Science | UG (Relevant Discipline) | 2 Year |

### FACULTY OF FINE ARTS

| | | | |
|---|---|---|---|
| 67 | Certificate in Photography | 10 Pass | 1 Year |
| 68 | Certificate in Cinematography | 10 Pass | 1 Year |
| 69 | Diploma in Cinematography (DIC) | 10 Pass | 2 Year |
| 70 | Diploma in Photography (DIP) | 10 Pass | 2 Year |
| 71 | Bachelor of Fine Arts (Film Making) | 10+2 in any Stream | 4 Year |
| 72 | Bachelor of Fine Arts (Photography) | 10+2 in any Stream | 4 Year |
| 73 | Master of Fine Arts (Photography) | UG Fine Arts | 2 Year |

**Contact For More Information: 9105500202, 9105500404, Ph.: 0581-2526153**

Add.: Admission Cell, Administrative Block, Bareilly International University, Rohilkhand Medical College Campus, Bareilly - 243006 (U.P.)

Website : www.biu.edu.in, E-mail : admission@biu.edu.in

## सिटी ब्रीफ

### एमडीएम के लिए गैस सिलेंडरों की मांग

**बरेली/आंवला, अमृत विचार :** ब्लाक मझगंवा में प्राथमिक विद्यालय अलीगंज प्रथम, द्वितीय व उच्च प्राथमिक विद्यालय अलीगंज के प्रधानाचार्य व ग्राम प्रधान शाकिर खां ने एसडीएम विदुषी सिंह से पिछले छह सप्ताह से सिलेंडर की आपूर्ति बाधित होने की बात कही है। विद्यालय को प्रति माह तीन सिलेण्डर दिलाने की मांग की है। एस. डी. एम. विदुषी सिंह ने पूर्ति निरीक्षक शिखा पाण्डेय से नियमानुसार कार्रवाई करने का निर्देश दिया है।

### गन्ना सर्वे : जीपीएस से होगी हर खेत की नाप

**बरेली/फरीदपुर, अमृत विचार :** द्वारिकेश शुगर इंडस्ट्रीज के मीटिंग हॉल में गन्ना सर्वेक्षण को लेकर प्रशिक्षण कार्यक्रम हुआ। जिसमें उप गन्ना आयुक्त बरेली परिक्षेत्र राजेश मिश्रा समेत विभाग और मिल के कई अधिकारी मौजूद रहे। मुख्य प्रबंधक (आईटी) सुनील पूनिया ने जीपीएस से गन्ना सर्वे करने की बारीकियां समझाईं। मुख्य महाप्रबंधक पवन चतुर्वेदी ने भी अहम जानकारी दी।

# 1 से 25 मई तक होंगी प्रयोगात्मक परीक्षाएं

## तय समय के बाद पोर्टल होगा बंद, विश्वविद्यालय ने जारी किए संबद्ध महाविद्यालयों के लिए निर्देश

कार्यालय संवाददाता, बरेली



**अमृत विचार :** एमजेपी रुहेलखंड विश्वविद्यालय ने नई शिक्षा नीति-2020 के तहत स्नातक स्तर की विभिन्न कक्षाओं की प्रयोगात्मक एवं आंतरिक परीक्षाओं को लेकर दिशा-निर्देश बुधवार को जारी कर दिए। परीक्षा नियंत्रक संजीव कुमार सिंह के अनुसार बीए, बीएससी, बीकॉम, बीबीए, बीसीए सहित अन्य पाठ्यक्रमों के द्वितीय, चतुर्थ एवं छठवें सेमेस्टर सत्र 2025-26 की प्रयोगात्मक परीक्षाएं 1 से 25 मई के बीच हर हाल में संपन्न करानी होंगी।

उन्होंने कहा कि सभी महाविद्यालयों को बाह्य एवं आंतरिक परीक्षकों की उपस्थिति में प्रयोगात्मक व मौखिक परीक्षाएं आयोजित करनी होंगी। निर्धारित तिथि के बाद किसी भी स्थिति में अंकों की ऑनलाइन प्रविष्टि स्वीकार नहीं की जाएगी और पोर्टल बंद कर दिया जाएगा। कहा कि प्रत्येक महाविद्यालय अंकपत्र की दो प्रतियां तैयार कर अपने पास सुरक्षित रखेगा। लेकिन अंक केवल ऑनलाइन ही मान्य होंगे। आवश्यकता पड़ने पर मूल अंकपत्र विश्वविद्यालय को उपलब्ध कराना होगा। इसके साथ ही, प्रयोगात्मक परीक्षाओं की उत्तर पुस्तिकाएं भी सुरक्षित रखनी होंगी। ये उत्तर पुस्तिकाएं चुनौती मूल्यांकन के दायरे में रहेंगी। नियमानुसार 80 प्रतिशत या उससे अधिक अंक प्राप्त करने वाले छात्रों की उत्तर पुस्तिकाएं विश्वविद्यालय अलग से मंगा सकता है। परीक्षकों को नियमानुसार पारिश्रमिक भी दिया जाएगा।

विश्वविद्यालय ने यह भी स्पष्ट किया है कि द्वितीय सेमेस्टर की मुख्य परीक्षा के लिए बाह्य और आंतरिक परीक्षकों की नियुक्ति विश्वविद्यालय स्तर से की जाएगी तथा उनके अंक एमजेपीआरयू आईयूएमएस वेबसाइट पर अपलोड कर हस्ताक्षरित प्रिंट आउट सुरक्षित रखना होगा। समर्थ पोर्टल पर अंक अपलोड करने की प्रक्रिया प्राचार्य लॉगिन के माध्यम से ही की जाएगी और महाविद्यालयों को इवेलुएटर नियुक्त करने का अधिकार नहीं होगा। किसी भी तकनीकी समस्या के समाधान के लिए विश्वविद्यालय ने संपर्क नंबर भी जारी किया है। विश्वविद्यालय प्रशासन ने सभी महाविद्यालयों को निर्देशों का कड़ाई से पालन करने को कहा है।

### विश्वविद्यालय का गेट नंबर तीन आज रहेगा बंद

**बरेली, अमृत विचार :** रुहेलखंड विश्वविद्यालय में गुरुवार को राज्यपाल व विश्वविद्यालय की कुलाधिपति आनंदीबेन पटेल पहुंचेंगी। विश्वविद्यालय प्रशासन ने राज्यपाल के कार्यक्रम को देखते हुए तीन नंबर गेट बंद रहेगा। विश्वविद्यालय में कुलाधिपति के रहने तक बाहरी वाहनों को परिसर में प्रवेश नहीं दिया जाएगा। छात्र-छात्राओं व कार्यरत शिक्षकों, कर्मचारियों को विश्वविद्यालय की ओर से जारी वैध आईडी कार्ड से प्रवेश दिया जाएगा। मुख्य नियंता प्रो. रावेंद्र सिंह ने बताया कि दोपहर 12 से 4 बजे तक एक नंबर गेट बंद रहेगा। शिक्षक एवं कर्मचारी समेत उनके परिजनों का आवागमन गेट नंबर दो व चार से होगा।

### रुविवि में एलएलएम साइबर लॉ में प्रवेश शुरू

**बरेली, अमृत विचार :** एमजेपी रुहेलखंड विश्वविद्यालय के विधि संकाय ने शैक्षणिक सत्र 2026-27 के लिए एलएलएम साइबर लॉ पाठ्यक्रम में प्रवेश प्रक्रिया शुरू कर दी है। विश्वविद्यालय में दो वर्षीय (चार सेमेस्टर) स्नातकोत्तर कार्यक्रम में डिजिटल कानून, डेटा सुरक्षा, गोपनीयता संरक्षण और ई-कॉमर्स जैसे आधुनिक विषयों के बारे में पढ़ाया जाएगा। पाठ्यक्रम में प्रवेश के लिए अभ्यर्थी के पास मान्यता प्राप्त विश्वविद्यालय से तीन वर्षीय एलएलबी या पांच वर्षीय एकीकृत विधि डिग्री होना अनिवार्य है। इसके साथ ही सामान्य वर्ग के लिए न्यूनतम 50 प्रतिशत अंक होना जरूरी है। एससी और एसटी अभ्यर्थियों को नियमानुसार 5 प्रतिशत की छूट दी जाएगी। पाठ्यक्रम चॉइस बेस्ड क्रेडिट सिस्टम (सीबीसीएस) पर आधारित है। जिसमें इंटर्नशिप और शोध प्रबंध भी शामिल हैं। इच्छुक अभ्यर्थी विश्वविद्यालय की आधिकारिक वेबसाइट www.mjpru.ac.in पर जाकर ऑनलाइन पंजीकरण कर सकते हैं। किसी भी सहायता के लिए हेल्पडेस्क नंबर 8630204603, 9412876700, 9359368632 जारी किए गए हैं। इसके अलावा अभ्यर्थी lawdepartmentmjpru@gmail.com पर ईमेल के जरिए भी जानकारी प्राप्त कर सकते हैं।

# विवि में खेल प्रतियोगिताओं के विजेताओं को किया सम्मानित



विजेताओं को सम्मानित करते कुलपति प्रो. केपी सिंह। ● अमृत विचार

कार्यालय संवाददाता, बरेली

**अमृत विचार :** एमजेपी रुहेलखंड विश्वविद्यालय में 5 मई को रुहेलखंड यूथ पार्लियामेंट का आयोजन होगा।

कार्यक्रम के उपलक्ष्य में व्यवसाय प्रशासन विभाग में बुधवार को ध्वजारोहण समारोह का आयोजन किया गया। कुलपति प्रो. केपी सिंह ने ध्वजारोहण कर कार्यक्रम का शुभारंभ कर विद्यार्थियों को लोकतांत्रिक मूल्यों व जिम्मेदार नागरिकता के प्रति जागरूक किया। गुजरात दिवस के उपलक्ष्य में कुलपति व खेल सचिव प्रो. एसएस बेदी सिंह ने प्रतियोगिताओं में उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले खिलाड़ियों को सम्मानित किया। संचालन डॉ. तुलिका सक्सेना ने किया। डीएसडब्ल्यू डॉ. पीबी सिंह, डॉ. संजय मिश्रा, डॉ. त्रिलोचन शर्मा, डॉ. सौरभ वर्मा आदि मौजूद रहे।

# उत्कृष्ट कार्य करने वाले 97 वार्डन सम्मानित

कार्यालय संवाददाता, बरेली




सेक्टर वार्डनों को प्रशस्ति पत्र देते डीएम अविनाश सिंह। ● अमृत विचार

**अमृत विचार :** कलेक्ट्रेट सभागार में बुधवार को जिलाधिकारी अविनाश सिंह ने ऑपरेशन ब्लैकआउट एक्सरसाइज में उल्लेखनीय कार्य करने वाले 97 नागरिक सुरक्षा वार्डनों और स्वयंसेवकों को प्रशस्ति पत्र देकर सम्मानित किया। डीएम ने नागरिक सुरक्षा के विस्तार और भूमिका को लेकर अहम दिशा निर्देश भी दिए।

डीएम ने कहा कि नागरिक सुरक्षा संगठन आपदा और आपातकालीन परिस्थितयों में प्रशासन का सशक्त सहयोगी है। कावड़ यात्रा, उर्स, धार्मिक, राजनितिक कार्यक्रम और प्रतियोगी परीक्षाओं जैसे बड़े आयोजनों में नागरिक सुरक्षा की भूमिका बेहद अहम रहती है। कहा कि जनपद की सभी नगर पालिकाओं और पंचायतों में नागरिक सुरक्षा इकाइयों का गठन किया जाए, ताकि गांव-देहात तक सुरक्षा तंत्र मजबूत किया जा सके। डिप्टी कंट्रोलर राकेश कुमार मिश्रा ने बताया कि नागरिक सुरक्षा की स्थापना वर्ष 1962 में हुई थी, जिसका उद्देश्य युद्धकाल में हवाई हमलों से बचाव था। समय के साथ इसकी भूमिका आपदा प्रबंधन, क्षमता निर्माण और आपातकालीन प्रशिक्षण तक विस्तारित हो गई है। कार्यक्रम में अपर जिलाधिकारी नगर सौरभ दुबे, पंकज कुदेसिया, प्रमोद कुमार डागर, अंजय कुमार अग्रवाल, संजय पाठक, दिनेश यादव, कलीम हैदर सैफी, अनिल शर्मा, श्याम कृष्ण, हरीश भल्ला, कमलेश वर्मा, सुनील यादव, डॉ. अनवर हुसैन, गीता शर्मा, अर्चना राजपूत आदि उपस्थित रहे।

**● डीएम बोले, हर गांव में हो नागरिक सुरक्षा, पूरे जिले को करें कवर**

### अंक अपलोड करने को दोबारा खोला समर्थ पोर्टल

**बरेली, अमृत विचार :** एमजेपी रुहेलखंड विश्वविद्यालय ने शैक्षिक सत्र 2025-26 के स्नातक प्रथम सेमेस्टर के परीक्षा परिणाम समर्थ पोर्टल के माध्यम से घोषित कर दिए। हालांकि कई संबद्ध महाविद्यालयों की ओर से आंतरिक व बाह्य प्रयोगात्मक परीक्षाओं के अंक समर्थ पोर्टल पर अपलोड नहीं किए गए जिसके चलते परिणाम अधूरे दिख रहे।

कई महाविद्यालयों की ओर से बीएससी, बीकॉम, बीबीए, बीसीए सहित विभिन्न स्नातक व परास्नातक पाठ्यक्रमों के प्रयोगात्मक अंकों को समर्थ पोर्टल पर अपलोड़ नहीं किए हैं। विश्वविद्यालय ने इस मामले को गंभीरता से लेते हुए सभी महाविद्यालयों के प्राचार्यों को निर्देशित किया कि वे अपने स्तर पर सुनिश्चित करें कि किसी भी छात्र के प्रयोगात्मक अंक अपलोड होने में देरी न हो।

# बरेली कॉलेज: परीक्षा के दौरान मोबाइल और बैग लाने पर रोक

कार्यालय संवाददाता, बरेली

**अमृत विचार :** रुहेलखंड विश्वविद्यालय की सम सेमेस्टर परीक्षाएं बुधवार से शुरू हो गई हैं। परीक्षाओं को सुचारू और निष्पक्ष ढंग से संपन्न कराने के लिए बरेली कॉलेज में प्राचार्य प्रो. ओपी राय ने सख्त दिशा-निर्देश जारी किए है।

प्राचार्य ने बताया कि परीक्षा अवधि में महाविद्यालय परिसर में अनुशासन बनाए रखने के लिए कई अहम नियम लागू किए गए हैं। परीक्षार्थियों को केवल पश्चिमी गेट से ही प्रवेश दिया जाएगा। परीक्षा के दौरान किसी भी विभाग में कार्यक्रम, मिडटर्म या प्रयोगात्मक व मौखिक परीक्षा आयोजित करने से पहले विभागीय प्रभारी को प्राचार्य और चीफ प्रॉक्टर को पूर्व सूचना देनी होगी। इसके अलावा पढ़ाई के लिए आने वाले छात्र-छात्राओं के लिए मोबाइल फोन ले जाना पूरी तरह प्रतिबंधित कर दिया गया है। मिडटर्म और प्रयोगात्मक परीक्षाओं के दौरान छात्रों को मोबाइल, बैग या अन्य अनावश्यक सामग्री लाने पर सख्त रोक रहेगी। सभी प्राध्यापकों, शिक्षणेत्तर कर्मचारियों और विद्यार्थियों से इन निर्देशों का कड़ाई से पालन सुनिश्चित करने की अपील की है, ताकि परीक्षाएं शांतिपूर्ण और व्यवस्थित ढंग से संपन्न हो सकें।

**● परीक्षार्थियों को केवल पश्चिमी गेट से मिलेगा प्रवेश**

### पहले दिन पकड़े गए तीन नकलची

**बरेली, अमृत विचार :** एमजेपी रुहेलखंड विश्वविद्यालय की सम-सेमेस्टर परीक्षाएं बुधवार से शुरू हो गईं। पहले दिन बरेली कॉलेज में पहली पाली में प्रॉक्टोरियल बोर्ड ने तीन नकलचियों को पकड़ा। बरेली कॉलेज के चीफ प्रॉक्टर प्रो. इंद्रीवर सिंह चौहान ने बताया कि बुधवार को बरेली कॉलेज में सम-सेमेस्टर परीक्षा में लगभग 28 सौ विद्यार्थियों ने परीक्षा दी। पहली पाली में प्रॉक्टोरियल बोर्ड ने चेकिंग के दौरान बायोटेक के तीन विद्यार्थियों को नकल करतेपकड़ लिया। एक छात्र परीक्षा कक्ष में पर्ची से नकल कर रहा था। इसके साथ ही दो अन्य छात्र पेपर पर लिख कर एक-दूसरे से नकल कर रहे थे। बोर्ड ने तीनों छात्रों को आगे पकड़े जाने पर कार्रवाई की चेतावनी दी।

### सर्किल रेट के संबंध में सिटी मजिस्ट्रेट को सौंपा ज्ञापन

**बरेली, अमृत विचार :** सर्किल रेट को लेकर सेंट्रल यूपी चैंबर ऑफ कॉमर्स एंड इंडस्ट्री सोसाइटी ने बुधवार को डीएम को संबोधित ज्ञापन सिटी मजिस्ट्रेट को सौंपा।

ज्ञापन में कहा है कि सर्किल रेट में वृद्धि निवेश के रास्ते में बड़ी रुकावट बन सकती है। चैंबर के अध्यक्ष राजेश गुप्ता ने कहा कि महंगी जमीन के चलते नए उद्योग लगाने में निवेशक हिचक रहे हैं। जिसका असर रोजगार पर भी पड़ेगा। ज्ञापन के माध्यम से बताया गया कि सरकार औद्योगिक निवेश बढ़ाने के लिए लगातार योजनाएं ला रही है, लेकिन जमीन महंगी होने से योजनाएं धरातल पर उतरने से पहले दम तोड़ रही हैं। अगर जल्द राहत नहीं मिली तो शहर में उद्योग लगाने का सपना अधूरा रह सकता है। निवेशक दूसरे शहरों का रुख कर सकते हैं।

# लखनऊ पब्लिक स्कूल की शाखा का उद्घाटन आज




जानकारी देते संस्था के चेयरमैन डॉ. एसपी सिंह पटेल व अन्य। ● अमृत विचार

कार्यालय संवाददाता, बरेली

**अमृत विचार :** रामगंगानगर आवासीय योजना के सेक्टर-3 में नवनिर्मित लखनऊ पब्लिक स्कूल का उद्घाटन गुरुवार को शाम 4 बजे राज्यपाल आनंदीबेन पटेल करेंगी।

स्कूल परिसर में बुधवार को प्रेसवार्ता में स्कूल चेयरमैन सांसद डॉ. एसपी सिंह पटेल ने कहा कि 1983 में स्थापित लखनऊ पब्लिक स्कूल एंड कॉलेज समूह आज शिक्षा के क्षेत्र में गुणवत्ता, अनुशासन और नवाचार के लिए जाना जाता है। यूपी व दिल्ली में इसकी शाखाएं संचालित हो रही हैं और बरेली शाखा इस समूह की 16 वीं कड़ी के रूप में जुड़ रही है।

उद्घाटन कार्यक्रम में झारखंड के राज्यपाल संतोष गंगवार अति विशिष्ट अतिथि के रूप में उपस्थित रहेंगे। सांसद छत्रपाल सिंह गंगवार, नीरज मौर्य, मेयर डॉ. उमेश गौतम, जिला पंचायत अध्यक्ष रश्मि पटेल, रुविवि के कुलपति प्रो. केपी सिंह, जदयू प्रदेश अध्यक्ष अनूप पटेल, पूर्व एमएलसी कांति सिंह समेत अन्य लोग मौजूद रहेंगे। प्रबंध निदेशक सुशील कुमार, जनरल मैनेजर हर्षित सिंह, शिखरपाल सिंह, डायरेक्टर्स नेहा सिंह, गरिमा सिंह, निकिता सिंह, प्रधानाचार्य रवनीत सिंह नागी मौजूद रहे।

### बरेली ने पीलीभीत की टीम को 144 रन से हराया

**बरेली, अमृत विचार :** उत्तर प्रदेश क्रिकेट एसोसिएशन की ओर से निशांत पटेल क्रिकेट स्टेडियम में मंडलीय क्रिकेट प्रतियोगिता में बुधवार को बरेली ने पीलीभीत को 144 रन से हरा दिया।

बरेली ने पहले बल्लेबाजी करते हुए 8 विकेट खोकर 233 रन बनाए। प्रतीक पाल ने नाबाद 51 रन और कृष्णा शाक्य नाबाद 55 रनों का योगदान दिया। लक्ष्य का पीछा करते हुए पीलीभीत की टीम 89 रन के स्कोर पर ढ़ेर हो गई। बरेली के लिए विवान गंगवार, अक्षत पटेल, कार्तिक पांडे ने 2-2 विकेट लिए।

बरेली क्रिकेट एसोसिएशन के सचिव सीताराम सक्सेना ने बताया कि गुरुवार को बदायूं और पीलीभीत के बीच मैच खेला जाएगा। अध्यक्ष सरफराज वली खां, कोच ओपी कोहली, सह सचिव राहुल कपूर, ट्रेजरार शहजाद अली आदि का सहयोग रहा।

# जीआईसी में सम्मान पाकर खिल उठे मेधावियों के चेहरे



सम्मानित हुए मेधावी, साथ में अतिथि। ● अमृत विचार

कार्यालय संवाददाता, बरेली

**अमृत विचार :** पीएम श्री राजकीय इंटर कॉलेज में बुधवार को मेधावी छात्रों के सम्मान में भव्य समारोह का आयोजन किया गया। सत्र 2025-26 में हाईस्कूल एवं इंटरमीडिएट परीक्षा में उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले छात्रों को सम्मानित किया गया। प्रधानाचार्य ओमप्रकाश राय, उप प्रधानाचार्य कुसुमलता राजपूत, डॉ. गजराम सिंह ने मेधावियों को प्रशस्ति-पत्र एवं स्मृति चिह्न भेंट किए।

मेधावियों में आरव वर्मा, शाश्वत मिश्रा, वैभव मिश्रा, विश्वास, अश्वनी वर्मा, दीपांशु सागर, इशांत गुप्ता, कृष्ण कुमार, वैभव वार्ष्णेय, प्रतीक पाराशरी, अकमल, उदय सिंह, प्रिंस मौर्य, उत्कर्ष रस्तोगी को सम्मानित किया गया। संचालन मंडलीय क्रीड़ा सचिव नईम अहमद ने किया। आयोजन में डॉ. चंद्रमोहन अग्रवाल, सना इरफानी, डॉ. शशि पूनम राव, डॉ. आयेन्द्र कुमार गंगवार, शिवानी सक्सेना एवं डॉ. किरण कुमारी का सहयोग रहा।

**● हाईस्कूल, इंटरमीडिएट में बेहतर स्थान पाने वालों का सम्मान**

## सिटी डायरी

### केशलता इंटरनेशनल स्कूल में दंत जांच शिविर आयोजित




**बरेली, अमृत विचार :** केशलता इंटरनेशनल स्कूल में बरेली इंटरनेशनल यूनिवर्सिटी के सहयोग से दंत स्वास्थ्य जांच शिविर का आयोजन किया गया। डॉ. शिवांगी शर्मा एवं उनकी टीम ने सैकड़ों विद्यार्थियों के दांतों की जांच कर उन्हें आवश्यक चिकित्सीय परामर्श प्रदान किया। डॉक्टरों ने छात्रों को दांतों की नियमित सफाई, सही ब्रशिंग तकनीक, फ्लॉसिंग के महत्व तथा जंक फूड के दुष्प्रभावों के बारे में विस्तार से जानकारी दी। निदेशक डॉ. लता अग्रवाल ने कहा कि विद्यालय का उद्देश्य केवल शैक्षणिक उत्कृष्टता ही नहीं, बल्कि विद्यार्थियों का समग्र स्वास्थ्य विकास भी है। प्रधानाचार्य ममतेश माहेश्वरी ने कहा कि स्वस्थ विद्यार्थी ही सफल विद्यार्थी बन सकता है। उप-प्रधानाचार्य डॉ. निशा शर्मा ने कहा कि बचपन से ही दंत स्वच्छता की आदतें विकसित करना अत्यंत आवश्यक है। प्रशासनिक अधिकारी सुधांशु शर्मा ने कहा कि इस प्रकार के जागरूकता कार्यक्रम छात्रों में अनुशासन और स्वस्थ जीवनशैली को बढ़ावा देते हैं।

### विश्व टीकाकरण दिवस पर जागरुकता संगोष्ठी आयोजित



**बरेली, अमृत विचार :** विश्व टीकाकरण दिवस पर रोहिलखंड मेडिकल कॉलेज एंड हॉस्पिटल के तहत संचालित अर्बन हेल्थ एंड ट्रेनिंग सेंटर रामपुर गार्डन में जागरुकता संगोष्ठी का आयोजन किया गया। मुख्य वक्ता डॉ. अनु शर्मा ने बताया कि टीकाकरण बच्चों और वयस्कों को कई गंभीर बीमारियों से बचाने का सबसे सुरक्षित और प्रभावी माध्यम है। इंटर्न डॉ. कार्तिकेय शर्मा ने भी लोगों को टीकाकरण से संबंधित महत्वपूर्ण जानकारी दी। सभी प्रतिभागियों ने संकल्प लिया कि वे अपने आसपास के लोगों को टीकाकरण के प्रति जागरूक करेंगे। स्टाफ में अमित कुमार, नेहा देवी, प्रीति यादव एवं कविता सिंह उपस्थित रही।

### आनंद आश्रम में भक्तमाल कथा का पारायण



**बरेली, अमृत विचार :** रामपुर बाग स्थित आनंद आश्रम के सत्संग भवन में चल रही श्री भक्तमाल कथा का समापन बुधवार को हो गया। अंतिम दिवस कथा वाचक राष्ट्रीय संत गौरदास महाराज ने बताया कि वृंदावन के प्रथम ठाकुर गोविंद देव हैं और अद्वैत आचार्य द्वारा पूजित ठाकुर मदन मोहन की सेवा परशुराम चौबे को सौंपी गई थी। बाद में सनातन गोस्वामी उन्हें वृंदावन ले आए। कथा के दौरान महाराज ने बताया कि किस प्रकार एक व्यापारी की प्रार्थना से प्रसन्न होकर मदन मोहन ने उसे लाभ दिया, जिसके बाद मंदिर निर्माण और राजभोग की व्यवस्था की गई। कथा में मदन मोहन के विवाह उत्सव का भी भावपूर्ण वर्णन किया गया। आओ आओ री युगल को ब्याह करें... भजन पर भक्त झूम उठे। मंत्री अनिल अग्रवाल ने आभार व्यक्त किया। पंकज अग्रवाल, आनंद स्वरूप अग्रवाल, विवेक अग्रवाल, अनुज अग्रवाल, शशिकांत मोदी, दीपेश खंडेलवाल, राजेश खंडेलवाल आदि मौजूद रहे।

### डीएम की पहल... फरियादियों को कूल-कूल राहत




बरेली, अमृत विचार : कलेक्ट्रेट परिसर में आने वाले फरियादियों को गर्मी में राहत पहुंचाने के लिए डीएम अविनाश सिंह ने नई पहल की है। उन्होंने कार्यालय के बाहर एक विशेष फ्रिज की व्यवस्था कराई है, जिसमें लोगों के लिए शीतल पेयजल के साथ मट्ठा (छाछ) व कोल्ड ड्रिंक का प्रबंध किया है। प्रशासन की इस पहल का कलेक्ट्रेट पहुंचने वाले फरियादी सराहना कर रहे हैं। डीएम ने स्पष्ट किया कि कलेक्ट्रेट आने वाले नागरिकों की सुविधा उनकी प्राथमिकता है। भीषण गर्मी के इस दौर में यह व्यवस्था निरंतर जारी रहेगी, ताकि लोग बिना किसी असुविधा के अपनी बात रख सकें।

### शून्य नामांकन वाले 554 स्कूलों के शिक्षकों का वेतन जारी

**बरेली, अमृत विचार :** जिले में शून्य नामांकन वाले 554 विद्यालयों के प्रधानाध्यापकों का वेतन जारी कर दिया गया है।

दरअसल, इन विद्यालयों में एक भी छात्र का नामांकन न होने पर बीएसए डॉ. विनीता ने प्रधानाध्यापकों एवं इंचार्ज प्रधानाध्यापकों का वेतन रोक दिया था। इस संबंध में उत्तर प्रदेशीय प्राथमिक शिक्षक संघ के जिलाध्यक्ष नरेश गंगवार के नेतृत्व में प्रतिनिधिमंडल बीएसए से मिला था। मंडलीय मंत्री केसी पटेल सहित अन्य पदाधिकारियों ने वेतन जारी करने की मांग करते हुए बीएसए को ज्ञापन सौंपा था। बीएसए ने शिक्षकों को राहत देते हुए अवरुद्ध वेतन जारी करने का निर्णय लिया है। साथ ही सख्त निर्देश दिए कि जिन स्कूलों में नामांकन शून्य है, वे एक सप्ताह के भीतर नए छात्रों का प्रवेश सुनिश्चित करें।

# सपा ने खेलों में अंतर्राष्ट्रीय पदक विजेताओं का किया अभिनंदन

कार्यालय संवाददाता, बरेली




सपा कार्यालय पर मौजूद अंतर्राष्ट्रीय खिलाड़ी व पार्टी पदाधिकारी। ● अमृत विचार

**अमृत विचार :** अंतर्राष्ट्रीय स्तर पर जनपद का गौरव बढ़ाने वाले स्पेशल खिलाड़ियों के सम्मान में बुधवार को सपा कार्यालय पर भव्य समारोह का आयोजन हुआ, जिसमें खिलाड़ियों को सम्मानित किया गया।

जिलाध्यक्ष शुभलेश यादव ने पूर्व मुख्यमंत्री अखिलेश यादव की ओर से खेल क्षेत्र में किए गए कार्यों, जैसे लखनऊ के इकाना स्टेडियम और ग्रामीण क्रिकेट लीग का जिक्र करते हुए कहा कि सपा सरकार ने हमेशा प्रतिभाओं को आगे बढ़ाया है। प्रदेश कार्यसमिति सदस्य संजीव सक्सेना ने खिलाड़ियों के लिए स्पोर्ट्स शूज के लिए कोच अजय कश्यप को धनराशि भेंट की। वहीं, पूर्व ब्लॉक प्रमुख डॉ. जीराज यादव व राकेश गुप्ता ने बैग व अन्य सामग्री प्रदान की। महानगर अध्यक्ष शमीम खां सुल्तानी ने खिलाड़ियों के माता-पिता का अभिवादन करते हुए कहा कि सपा हर कदम पर उनके साथ खड़ी है। संचालन महासचिव पंडित दीपक शर्मा ने किया। अंतर्राष्ट्रीय डेफ एथलीट रिदम शर्मा, गुड्डू सिंह, रिद्धि कार्की, सोनाक्षी गुर्जर, अनुष्का कश्यप, पुनीत कश्यप, दीपू कश्यप, अंजलि सिंह, कोच अजय कश्यप, विमल शर्मा का अभिनंदन किया गया। प्रमोद बिष्ट, दिनेश यादव, अशोक यादव, हरी शंकर यादव, हैदर अली, नाजिम कुरैशी, राकेश गुप्ता, रणवीर जाटव, रामसेवक प्रजापति, राजेश यादव, अमित गिहार, प्रमोद अग्रवाल, मोहसिन खान, भानू प्रताप सिंह, सुमित यादव, गंगा सिंह यादव, मो. अफसान, रेहान अंसारी आदि मौजूद रहे।

**● जिलाध्यक्ष शुभलेश यादव ने स्पेशल खिलाड़ियों को हर संभव मदद का दिया भरोसा**

### कस्तूरबा आवासीय बालिका विद्यालय में बाउंड्रीवाल नहीं

**शेरगढ़, अमृत विचार :** कस्तूरबा गांधी आवासीय बालिका विद्यालय की छात्राओं के लिए करोड़ों रुपए की लागत से निर्मित छात्रावास की बाउंड्रीवॉल अब तक नहीं बन सकी है। बीते वर्ष जुलाई महीने में छात्रावास विद्यालय को हैंड ओवर हो चुका है। बाउंड्री वॉल नहीं होने से बालिकाओं की सुरक्षा चिंता का सबब बनी हुई है। छात्रावास में इस समय कक्षा 9 से इंटर तक पढ़ने वाली 67 छात्राएं रह रही हैं।

हालांकि विद्यालय प्रशासन विभाग को समस्या से अवगत कर चुका है। लेकिन अब तक छात्रावास की बाउंड्री वॉल बनाने के लिए कोई बजट नहीं मिला है। छात्रावास की बाउंड्री की जगह बड़ी बड़ी उगी झाड़ियों ने ले ली है।

**● बीते वर्ष जुलाई में छात्रावास हुआ था हैंडओवर**